Delhi Legislative Assembly

Winter Session

6th Jan, 2026

----

True [Administrative Reforms - Development - Education - Employment - Higher Education - Information Technology - Irrigation & Flood Control - Law & Justice - Public Works Department - Revenue - Training & Technical Education - Vigilance and Water ].

Total Question - 20

----

## राजेंद्र नगर विधानसभा के अंतर्गत वर्ष 2016 अप्रैल से वर्ष 2025 मार्च तक पीडब्ल्यूडी विभाग ने कौन-कौन से कार्यों का भुगतान किया है

*1 Sh. Umang Bajaj (Rajendra Nagar):

Public Works Department क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि: (क) राजेंद्र नगर विधानसभा के अंतर्गत वर्ष 2016 अप्रैल से वर्ष 2025 मार्च तक पीडब्ल्यूडी विभाग ने कौन-कौन से कार्यों का भुगतान किया है;(ख) किस किस एजेंसी को किस-किस कार्य के लिए कितना-कितना भुगतान किया है; और(ग) एजेंसी का नाम कार्य का विवरण और भुगतान की राशि का विवरण भी उपलब्ध कराया जाए?

----

## दिल्ली जल बोर्ड (DJB) – डिफेन्स कॉलोनी नाले से संबंधित

*2 Sh. Neeraj Basoya (Kasturba Nagar):

Water प्रश्नःक्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:(क) क्या एंड्रयूज़ गंज क्षेत्र से प्रवाहित होकर डिफेन्स कॉलोनी से गुजरने वाले नाले में बिना उपचारित सीवेज जल के सीधे प्रवाह की जानकारी विभाग को है;(ख) उक्त नाले से लगातार दुर्गंध फैलने तथा उसके आसपास स्थित आवासीय मकानों एवं निवासियों के स्वास्थ्य पर पड़

रहे प्रतिकूल प्रभाव को देखते हुए, दिल्ली जल बोर्ड द्वारा अब तक क्या-क्या ठोस कदम उठाए गए हैं;(ग) क्या नाले में गिरने वाले सीवेज जल के उपचार हेतु किसी प्रकार की सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (STP), डी-सिल्टिंग यूनिट, इंटरसेप्शन एवं डायवर्जन (I&D) योजना अथवा अन्य किसी तकनीकी समाधान को लागू किया गया है या प्रस्तावित किया जा रहा है;(घ) यदि हाँ, तो उसका विस्तृत विवरण, समय-सीमा एवं लागत क्या है;(ड.) नाले के जल को कम प्रदूषित रखने के उद्देश्य से दिल्ली जल बोर्ड द्वारा वर्तमान में कौन-कौन से नियमित सफाई, डी-सिल्टिंग, केमिकल ट्रीटमेंट या बायो-रिमेडिएशन जैसे उपाय अपनाए जा रहे हैं;(च) क्या उक्त नाले की सफाई एवं जल गुणवत्ता की नियमित निगरानी हेतु कोई मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) या निर्धारित समय-सारिणी मौजूद है; और(छ) यदि हाँ, तो उसका विवरण क्या है और कस्तूरबा नगर विधानसभा क्षेत्र में इसके क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है?

----

## दिल्ली के सरकारी स्कूलों को डबल शिफ्ट से सिंगल शिफ्ट में परिवर्तित करने की योजना और बुनियादी ढांचे के विकास के संबंध में।

***3 Dr. Anil Goyal (Krishna Nagar):**

**Education** क्या माननीय शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:क) क्या दिल्ली सरकार द्वारा वर्तमान में डबल शिफ्ट में चल रहे सरकारी स्कूलों को सिंगल शिफ्ट में परिवर्तित करने की कोई योजना बनाई जा रही है;ख) यदि हाँ, इसे जमीनी स्तर पर कब तक लागू करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है;ग) क्या इस योजना के अंतर्गत कृष्णा नगर विधानसभा क्षेत्र के स्कूलों को चिह्नित किया गया है; घ) यदि हाँ, तो ऐसे स्कूलों की कुल संख्या और उनके नाम क्या हैं; ड.) क्या सरकार ने स्कूलों को सिंगल शिफ्ट में बदलने के परिणामस्वरूप आवश्यक Additional Teachers, Staff , Infrastructure Development की मांग का कोई विस्तृत आकलन किया है; और च) यदि हाँ, तो इसका ब्यौरा क्या है?

----

## पटेल नगर विधान सभा में कुल कितने किलोमीटर सीवर लाइन है

***4 Sh. Pravesh Ratn (Patel Nagar):**

**Water** क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:क) पटेल नगर विधान सभा में कुल कितने किलोमीटर सीवर लाइन है;
ख) क्या कभी सीवर लाइन बदले गए, यदि बदले गए तो कब बदले गए;
ख) यदि नहीं, तो ख़राब सीवर लाइन बदलने की सरकार की क्या कोई योजना है; और
घ) यदि हाँ, तो पूर्ण विवरण दें ?

----

**1. मेरे द्वारा राजस्व विभाग को निम्नलिखित पत्रों के माध्यम से जो शिकायतें/अनुरोध प्रस्तुत किए गए थे, उन पर विभाग द्वारा अब तक क्या कार्यवाही की गई है, इसकी विस्तृत जानकारी पत्र-वार प्रदान करें? पत्र संख्या No. – 123377/6/9/2023 Dated – 6/9/2023, पत्र संख्या No. – 116207/29/10/2020 Dated – 29/10/2020, पत्र संख्या No. – 129966/13/9/2025 Dated – 13/9/2025 (इन सभी पत्रों की प्रतिलिपि संलग्न।)**

***5 Sh. Vishesh Ravi (Karol Bagh):**

**Revenue** (क) स्थानीय विधायक द्वारा राजस्व विभाग को निम्नलिखित पत्रों के माध्यम से जो शिकायतें/अनुरोध प्रस्तुत किए गए थे, उन पर विभाग द्वारा अब तक क्या कार्यवाही की गई है, इसकी विस्तृत जानकारी पत्र-वार प्रदान करें? पत्र संख्या No. – 123377/6/9/2023 Dated – 6/9/2023, पत्र संख्या No. – 116207/29/10/2020 Dated – 29/10/2020, पत्र संख्या No. – 129966/13/9/2025 Dated – 13/9/2025 (इन सभी पत्रों की प्रतिलिपि संलग्न।)

----

## दो नए स्कूलों के विषय मे

***6 Smt. Neelam Pahalwan (Najafgarh):**

**Education**

क्या माननीय शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :-(क) क्या नजफ़गढ़ विधानसभा में शिक्षा विभाग द्वारा प्रस्तावित दो नए स्कूलों के लिए DDA द्वारा शिक्षा विभाग को जमीन आवंटित कर दी गई है;(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है;(ग) इन स्कूलों के लिए खसरा सं.- 47/30 (17 बीघा 3 बिस्वा) गाँव हैबतपुरा तथा खसरा सं. -456 & 457 (09 बीघा 1बिस्वा) गाँव रोशनपुरा प्रस्तावित जमीन कब तक आवंटित हो जाएगी ; और(घ) इन दोनों स्कूलों के विषय में विभाग की क्या कार्यवाही चल रही है तथा इन स्कूलों का निर्माण कब तक हो जाएगा, पूर्ण विवरण दें?

----

## सरकारी विद्यालय इमारत/भवन निर्माण

***7 Sh. Sanjay Goyal (Shahdara):**

**Education**

क्या माननीय शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :(क) पिछले 10 वर्षों में शाहदरा विधानसभा (AC-62) क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्रत्येक सरकारी विद्यालय में मरम्मत एवं रखरखाव (Repair & Maintenance) तथा नई इमारत/भवन निर्माण पर कितनी राशि व्यय की गई है स्कूलवार नाम सहित वर्षवार विवरण दिया जाए;

(ख) जहाँ नई इमारतें बनी हैं, वहाँ प्रति विद्यालय कितने Classrooms का निर्माण हुआ है, इसका विवरण भी दिया जाए;

(ग) प्रत्येक सरकारी विद्यालय को वार्षिक बजट के अंतर्गत कितनी राशि प्राप्त होती है

स्कूलवार बजट, खेल गतिविधियों (Sports Activities) हेतु प्राप्त राशि एवं उसके उपयोग का विवरण दिया जाए;
(घ) किस विद्यालय में कितनी एवं कौन-कौन सी खेल गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं, इसका विवरण प्रस्तुत किया जाए;
(ड) शाहदरा क्षेत्र में स्थित झिलमिल हॉकी ग्राउंड तथा विवेकानंद महिला महाविद्यालय में स्थित हॉकी ग्राउंड किस विभाग/संस्थान के अधीन हैं;
(च) क्या ये खेल मैदान संबंधित कॉलेज अथवा शिक्षा निदेशालय को हस्तांतरित (Handover) किए जा चुके हैं;
(छ) यदि नहीं, तो हस्तांतरण की प्रक्रिया क्या है और इसे कब तक पूर्ण किया जाएगा;
(ज) शाहदरा विधानसभा क्षेत्र के विद्यालयों को प्राप्त SMC Fund (School Management Committee Fund) की राशि कितनी है;
(झ) इस फंड के उपयोग की अधिकृत सीमाएँ एवं दिशा-निर्देश क्या हैं पिछले 10 वर्षों में स्कूलवार इस फंड के अंतर्गत किए गए व्यय का विवरण दिया जाए;
(ण) Zone-I एवं Zone-VI के अंतर्गत आने वाले शाहदरा विधानसभा क्षेत्र के कितने विद्यालयों में स्थायी प्रधानाचार्य (Principal) नियुक्त हैं कितने पद रिक्त हैं और उनकी पूर्ति हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं; (ट) शाहदरा विधानसभा क्षेत्र में कार्यरत कुल शिक्षकों की संख्या कितनी है इनमें से कितने पद रिक्त हैं, कृया रिक्त पदों को भरने हेतु सरकार द्वारा की जा रही कार्रवाई का विवरण दिया जाए; और
(ठ) Zone-I एवं Zone-VI के अंतर्गत शाहदरा विधानसभा क्षेत्र के विद्यालयों में पिछले 5 वर्षों में छात्र-छात्राओं की संख्या कितनी रही है, स्कूलवार, कक्षा-वार, वर्ष-वार तथा लिंग (Gender)-वार विवरण उपलब्ध कराया जाए।

----

## मुस्तफाबाद विधान सभा क्षेत्र (एसी-69) के अन्तर्गत खसरा नं0 37/18/01 में विद्यालय की कमी को देखते हुए यहां विद्यालय खोलने के सम्बन्ध में

***8 Sh. Mohan Singh Bisht (Mustafabad):**

**Education** क्या माननीय शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
क ) क्या यह सत्य है कि मुस्तफाबाद विधान सभा क्षेत्र (एसी-69) के अन्तर्गत खसरा नं0 37/18/01, लगभग 1600 वर्ग गज ज़मीन, वर्ष 1998-99 के दौरान शिक्षा विभाग को दी गई और विभाग द्वारा इसकी चार दीवारी भी की गई;
ख ) क्या यह भी सत्य है कि क्षेत्र में विद्यालय की कमी को देखते हुए यहां विद्यालय खोलने की लगभग 7-8 महीने से कार्यवाही की जा रही है;
(ग ) क्या यह भी सत्य है कि भूमि संबंधी उपरोक्त फाइल दिल्ली विकास प्राधिकरण के पास है; (घ) शिक्षा विभाग द्वारा उक्त संदर्भ में की गई कार्रवाई का ब्यौरा उपलब्ध कराया जाए; और
(ड) उपरोक्त विद्यालय को दिल्ली सरकार द्वारा कब तक खोले जाने की योजना हैं, पूर्ण विवरण प्रदान करे ?

----

## सीमापुरी विधान सभा में लोक निर्माण कार्य के संबंध में

***9 Sh. Veer Singh Dhingan (Seema Puri):**

**Public Works Department** क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क) क्या यह सत्य है दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग के विद्युत विभाग को गत वर्ष सीमापुरी विधानसभा क्षेत्र में विद्युत कार्यों के लिए कोई धनराशि फंड उपलब्ध कराया गया था;

ख) यदि हां, तो सीमापुरी विद्युत विभाग को कुल कितना पैसा किन-किन कार्यों के लिए आवंटित किया गया था;

ग) क्या यह भी सत्य है कि विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा क्षेत्र में कुछ कार्य कराए गए थे;

घ) यदि हां तो विद्युत विभाग ने किन-2 कार्यों में कहां-कहां कुल कितना पैसा खर्च किया, पूर्ण जानकारी दी जाए;

ड़) क्या यह भी सत्य है कि नंद नगरी ई ब्लॉक पंप हाउस पर गंदा पानी निकालने के लिए कुछ मोटर लगाई गई थी;

च) यदि हां तो कुल कितनी मोटर है इनमें से कुल कितनी मोटर कार्य कर रही है और कितनी खराब है;

छ) क्या यह भी सत्य है कि ई-ब्लॉक सहित नंद नगरी के अनेक ब्लॉकों के मुख्य नलों में गंदा पानी ओवरफ्लो करता है जिस कारण कॉलोनी के अंदर की नालियों में गंदा पानी हमेशा भरा रहता है;

ज) यदि हां तो क्या विभाग गंदे पानी की निकासी की उचित व्यवस्था करेगा; और कब तक ?

----

## सिल्ट से संबंधित जानकारी

***10 Sh. Harish Khurana (Moti Nagar):**

**Water** क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि : (क) पिछले 11 वर्षों में दिल्ली में गाद/सिल्ट उठाने का वर्ष वार तथा क्षेत्रवार लक्ष्य कितना निर्धारित किया गया, विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जाए;

(ख) पिछले 11 वर्षों में दिल्ली में गाद/सिल्ट उठाने के लिए ठेकेदारों द्वारा वर्षवार तथा क्षेत्रवार कितने बिल प्रस्तुत किए गए, विस्तृत विवरण प्रदान किया जाए;

(ग) उपरोक्त अवधि में ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत किए गए गाद/सिल्ट उठाने के बिलों में से किन-किन बिलों को द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई, वर्षवार तथा क्षेत्रवार जानकारी उपलब्ध कराई जाए;

(घ) पिछले 11 वर्षों के दौरान वास्तव में कितनी मात्रा में उठाया गया गाद/ सिल्ट अपने निर्धारित गंतव्य तक पहुंचा वर्षवार तथा क्षेत्रवार विस्तृत जानकारी प्रदान की जाए;

(ड़) क्या यह सत्य है कि दिल्ली में पिछले 11 वर्षों में जितनी मात्रा में गाद/ सिल्ट उठाई गई और जितनी वास्तव में गन्तव्य तक पहुंची उसमें भारी अंतर पाया गया; (च) यदि हां

तो इस अंतर का प्रतिशत विवरण उपलब्ध कराया जाए तथा इस पर अब तक क्या कार्रवाई की गई उसकी जानकारी भी दी जाए;
(छ) यदि कार्रवाई नहीं की गई तो इसके क्या कारण हैं;और
(ज) पिछले 11 वर्षों में गाद/सिल्ट हटाने के एवज में ठेकेदारों को किए गए भुगतान की क्या कभी ऑडिट कराई गई है, यदि हाँ, तो विस्तृत जानकारी दी जाए और यदि नहीं तो क्या सरकार इस संबंध में ऑडिट करने की योजना बना रही है?

----

## Construction of School Building

*11 Mr. Tilak Ram Gupta (Tri Nagar):

Education क्या माननीय शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि: (क) क्या यह सत्य है कि त्रिनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत शकुरपुर गांव एवं रामपुरा गांव में दिल्ली सरकार के दो विद्यालय हैं, जिनकी इमारत बिल्कुल जर्जर हालत में हैं और इन्हें तोड़कर बनाया जाना अत्यंत आवश्यक है; और
(ख) यदि हाँ, तो ये दोनों विद्यालय भवन कब तक नये बनाकर तैयार कर दिये जायेंगे ?

----

## संगम विहार सीवर प्रोजेक्ट: खानपुर वार्ड सीवर कार्य प्रारंभ एवं पूर्णता तिथि

*12 Dr. Ajay Dutt (Ambedkar Nagar):

Water क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:क) संगम विहार सीवर प्रोजेक्ट के अंतर्गत आने वाले 'खानपुर वार्ड' के सीवर का कार्य कब प्रारंभ होगा और इसके पूर्ण होने की अंतिम तिथि क्या है?

----

## Education

*13 Sh. Kailash Gangwal (Madipur):

Higher Education क्या माननीय शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि;(क) दिल्ली के सरकारी विद्यालयों में इस समय कितने P.R.T. T.G.T. P.G.T अध्यापक कार्य कर रहे है;
(ख) क्या स्थायी अध्यापकों के अलावा गैस्ट् टीचर, Ad-hoc Teachers और Contract Teachers भी कार्य कर रहे है; (ग) यदि हां तो ऐसे अध्यापकों की संख्या कितनी है; और (घ) अध्यापकों की नई भर्ती D.S.S.S.B. द्वारा कब तक की जायेगी?

----

## द्वारका विधानसभा के अंतर्गत राजस्व विभाग की कौन- कौन सी भूमि है

*14 Sh. Parduymn Singh Rajput (Dwarka):

**Revenue** क्या माननीय मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगी कि:(क) द्वारका विधानसभा के अंतर्गत राजस्व विभाग की कौन- कौन सी भूमि है;(ख) यह भूमि किस किस स्थान पर और कितने कितने माप की है;(ग) वर्तमान में इनका क्या स्टेटस है; और(घ) क्या इस भूमि पर भविष्य की कोई विकास योजना बनी है, तो उसका विवरण भी बताया जाए ?

----

## दिल्ली में जबरन धर्मांतरण पर रोक लगाने के लिए कानून

*15 **Mr. Karnail Singh (Shakur Basti):**

**Law & Justice** क्या माननीय विधि एवं न्याय मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :क) क्या दिल्ली में जबरन धर्मांतरण पर रोक लगाने के लिए कोई कानून बनाया गया है, जैसा कि राजस्थान, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक राज्य में ऐसे कानून मौजूद हैं;
ख) यदि नहीं, तो क्या इसे बनाने की सरकार की कोई योजना है; और
ग) यदि हां, तो इसकी समय सीमा क्या है ?

----

## बल्लीमारान विधानसभा क्षेत्र में सड़क एवं सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण

*16 **Sh. Imran Hussain (Ballimaran):**

**Public Works Department** क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने का कृपा करेंगे कि :—क) क्या यह सत्य है कि बल्लीमारान विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सदर थाना रोड, कुतुब रोड एवं ईदगाह रोड पर ट्रांसपोर्टरों द्वारा सड़क एवं सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण किया गया है;ख) यदि हां, तो ट्रांसपोर्टरों को संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर में वैकल्पिक स्थान आवंटित किये जाने के बावजूद उनके द्वारा अतिक्रमण जारी रहने के क्या कारण हैं;ग) इस संबंध में अब तक क्या कार्रवाई की गई है, तथा अतिक्रमण हटाने के लिए आगे कौन-से ठोस कदम प्रस्तावित हैं?

----

## Revenue

*17 **Sh. Jitender Mahajan (Rohtas Nagar):**

**Revenue** क्या माननीय मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगी कि:-(क) दिल्ली में जिलों का वर्गीकरण किस आधार पर किया गया और वर्तमान में 13 जिलों की संख्या किस आधार पर तय की गई है; और
(ख) इन जिलों को बनाने के लिए जिन मापदंडों को अपनाया गया है या जिस रिपोर्ट के आधार पर बनाए गए है, उस रिपोर्ट की प्रतिलिपि प्रदान करे ?

----

## Delhi Jal Board

*18 Smt. Shikha Roy (Greater Kailash):

Water क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) क्या यह सत्य है कि विधानसभा क्षेत्र एसी 51 के अंतर्गत पड़ने वाले रविदास मार्ग, कालकाजी की 32 फुट गहरी सीवरलाइन की गाद के कारण एबी ब्लॉक जनता फ्लैट्स और सीडी ब्लॉक स्लम फ्लैट्स के निवासियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;
(ख) क्या सरकार की इस 32 फुट गहरी सीवरलाइन से गाद हटाने की कोई योजना है;
(ग) यदि हां, तो क्या इसके लिए निविदाएं जारी कर दी गई हैं; और
(घ) यदि नही तो क्यों?

----

## संगम विहार विधानसभा क्षेत्र में वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (Senior Secondary School) की अनुपलब्धता के संबंध में।

*19 Sh. Chandan Kumar Choudhary (Sangam Vihar):

Education क्या माननीय शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:-
(क) क्या यह सत्य है कि संगम विहार विधानसभा, जिसकी अनुमानित आबादी लगभग 10 लाख है, में वर्तमान में एक भी सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (Senior Secondary School) उपलब्ध नहीं है;
(ख) यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं;
(ग) क्षेत्र के छात्रों को कक्षा 12वीं तक की शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु सरकार द्वारा अब तक क्या कदम उठाए गए हैं;
(घ) क्या सरकार का संगम विहार विधानसभा क्षेत्र में नवीन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्थापित करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन है; और(ड.) यदि हाँ, तो उसकी समय-सीमा क्या है?

----

## EWS श्रेणी के छात्रों से संबंध

*20 Sh. Jarnail Singh (Tilak Nagar):

Education क्या माननीय शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क) EWS श्रेणी के छात्रों के निजी विद्यालयों में दाख़िले से संबंधित सरकार की वर्तमान नीति क्या है, उक्त नीति का विस्तृत विवरण दिया जाए;ख) EWS श्रेणी के छात्रों को सरकार द्वारा कौन-कौन सी सुविधाएँ प्रदान की जाती हैं, इन सुविधाओं का विस्तृत विवरण दिया जाए;ग) वर्तमान तिथि में दिल्ली के प्रत्येक निजी विद्यालय में EWS श्रेणी की कुल कितनी सीटें उपलब्ध हैं तथा पिछले दो वर्षों में प्रति वर्ष कितनी EWS सीटें रिक्त रह गईं, इसका विद्यालय-वार विवरण दिया जाए;घ) पिछले दो वर्षों में शिक्षा विभाग द्वारा EWS श्रेणी में कुल कितने बच्चों के लिए ड्रॉ निकाले गए, ड्रॉ के अनुसार कितने बच्चों का दाख़िला हुआ

तथा कितने बच्चों का दाख़िला नहीं हो पाया, इसका वर्ष-वार विवरण दिया जाए; ड़) ड्रॉ के अनुसार दाख़िला न होने के क्या-क्या कारण रहे, इसका ज़ोन-वार एवं विद्यालय-वार विस्तृत विवरण दिया जाए; च) ड्रॉ के अनुसार दाख़िला न मिलने को लेकर शिक्षा विभाग को पिछले दो वर्षों में कितनी शिकायतें प्राप्त हुईं तथा उन शिकायतों पर विभाग द्वारा क्या-क्या कार्यवाही की गई, इसका विस्तृत विवरण दिया जाए; छ) पिछले दो वर्षों में EWS श्रेणी के कितने छात्रों को परीक्षा में अनुत्तीर्ण रहने के कारण विद्यालय से निकाला गया, इसका वर्ष-वार एवं विद्यालय-वार विवरण दिया जाए; और ज) पिछले दो वर्षों में शिक्षा विभाग द्वारा EWS श्रेणी के छात्रों को प्रदान की गई निःशुल्क यूनिफॉर्म एवं निःशुल्क पुस्तकों का विस्तृत विवरण दिया जाए तथा यह भी बताया जाए कि विभाग किस प्रकार यह सुनिश्चित करता है कि यह सुविधा सभी पात्र EWS छात्रों को पूर्ण रूप से प्राप्त हो?

----

# Delhi Legislative Assembly

## Winter Session

## Questions For Oral UnStart Answer

## 6th Jan, 2026

----

True [Administrative Reforms - Development - Education - Employment - Higher Education - Information Technology - Irrigation & Flood Control - Law & Justice - Public Works Department - Revenue - Training & Technical Education - Vigilance and Water ].

Total Question - 110

----

### मोतीनगर क्षेत्र में जल आपूर्ति

1 Sh. Harish Khurana (Moti Nagar):

Water क्या माननीय जलमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) मोतीनगर क्षेत्र में वर्ष 2015 से अभी तक वित्तवर्ष वार जल आपूर्ति का विवरण (एमजीडी में) प्रदान करें, जिसमें स्रोत के अनुसार (उदाहरणार्थ दिल्लीजलबोर्ड जल शोधन संयंत्र, ट्यूबवेल, टेंकर आपूर्ति, आदि) के त्रेमासिक/मासिक आंकड़ों का संपूर्ण विवरण;

ख) उक्त अवधि के लिए सभी संबंधित ऑफिसियल दस्तावेजों की प्रतियां, रिपोर्टें व डिजिटल डेटा फाइलें, जिनमें मोती नगर विधानसभा क्षेत्र के लिए जल आपूर्ति (एमजीडी में) दर्शाई गई हो;

ग) विधानसभा क्षेत्रों अथवा विशिष्ट क्षेत्रों में दिल्ली जलबोर्ड अथवा रा.रा.क्षे.दिल्ली सरकार द्वारा जल आपूर्ति की की नीति अथवा पद्धति को दर्शाने वाले दस्तावेज की प्रतिलिपि दें?

----

## तुगलकाबाद विधानसभा क्षेत्र में गंभीर जल संकट, अपर्याप्त जल आपूर्ति एवं UGR (अंडरग्राउंड रिज़र्वायर) निर्माण की आवश्यकता -

2 Sh. Sahi Ram (Tughlakabad):

Water

1. क्या यह सत्य है कि तुगलकाबाद विधानसभा क्षेत्र के वास्तविक आवश्यकता में काफी कम पानी की आपूर्ति होने के कारण काफी गंभीर स्थिति बनी हुई है, जिसके कारण वहां के निवासियों को टैंकरों पर निर्भर रहना पड़ता है,
2. यदि हां, तो क्या यह भी सत्य है कि संबंधित माननीय मंत्री, माननीय मुख्यमंत्री तथा दिल्ली जल बोर्ड के इस संबंध में अवगत कराने के बावजूद अभी तक इस समस्या को कोई ठोस समाधान नहीं निकाला जा सकता है, और
3. यदि हां, तो इस समस्या के स्थायी समाधान हेतु पानी की आपूर्ति बढ़ाने, अंडरग्राउंड रिजरवायर निर्माण इत्यादि हेतु सरकार की क्या कार्ययोजना है, पूर्ण विवरण दें ?

----

## दिल्ली जल बोर्ड के कार्यों से सम्बंधित

3 Sh. Jarnail Singh (Tilak Nagar):

Water क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि: (क) दिल्ली में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पानी की मासिक खपत कितनी है तथा इसका पिछले दो वर्षों का विधानसभावार एवं माहवार विवरण दिया जाए; (ख) दिल्ली में पानी की आपूर्ति किन-किन जल स्रोतों से की जाती है, इसका विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया जाए; (ग) वर्ष 2026 की गर्मियों के दौरान दिल्ली में पानी की सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली जल बोर्ड द्वारा क्या समर एक्शन प्लान (ग्रीष्मकालीन कार्य योजना) तैयार की गई है, विस्तृत विवरण दिया जाए; और (घ) दिल्ली में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में दिल्ली जल बोर्ड के अंतर्गत कितने जूनियर इंजीनियर (JE), ज़ोनल इंजीनियर (ZE) एवं एक्ज़िक्यूटिव इंजीनियर (EE) तैनात हैं, इसका विधानसभावार विस्तृत विवरण दिया जाए?

----

## किराड़ी विधानसभा क्षेत्र के कई वार्डों/कॉलोनियों में पिछले कई वर्षों से गंभीर पेयजल संकट बना हुआ है तथा क्षेत्र की पाइपलाइन नेटवर्क अत्यंत पुरानी और जर्जर स्थिति में है, जिसके कारण बार-बार लीकेज, दूषित पानी की आपूर्ति एवं भारी जल अपव्यय हो रहा है

4 Mr. Anil Jha (Kirari):

Water क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को यह जानकारी है कि किराड़ी विधानसभा क्षेत्र के कई वार्डों/कॉलोनियों में पिछले कई वर्षों से गंभीर पेयजल संकट बना हुआ है तथा क्षेत्र की पाइपलाइन नेटवर्क अत्यंत पुरानी और जर्जर स्थिति में है, जिसके कारण बार-बार लीकेज, दूषित पानी की आपूर्ति एवं भारी जल अपव्यय हो रहा है? यदि हाँ, तो ऐसे प्रभावित वार्डों/कॉलोनियों का विवरण क्या है; (ख) क्या यह भी सत्य है कि दिल्ली जल बोर्ड के अनुसार किराड़ी विधानसभा क्षेत्र की लगभग 8.50 लाख आबादी के लिए प्रतिदिन लगभग 33 MGD पानी की आवश्यकता है, जबकि वर्तमान में केवल लगभग 8 MGD पानी की आपूर्ति की जा रही है? यदि हाँ, तो इस भारी अंतर के लिए कौन-कौन से कारण उत्तरदायी हैं; (ग) क्या सरकार यह स्वीकार करती है कि क्षेत्र में पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु नए अंडरग्राउंड रिज़र्वायर (UGR) का निर्माण अत्यंत आवश्यक है, किंतु अब तक इसके लिए भूमि की पहचान/आवंटन की प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो सकी है? यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं; (घ) सरकार द्वारा नए UGR के निर्माण हेतु भूमि की पहचान एवं आवंटन कब तक किया जाएगा तथा निर्माण कार्य प्रारंभ करने की समय-सीमा क्या निर्धारित की गई है; और (ङ) इस संपूर्ण प्रक्रिया (भूमि आवंटन, निर्माण एवं जल आपूर्ति बढ़ाने) के लिए कौन-कौन से विभाग एवं अधिकारी उत्तरदायी/जिम्मेदार हैं, तथा यदि निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण नहीं होता है तो उनके विरुद्ध क्या जवाबदेही तय की जाएगी?

----

## UGR-AC-53(Badarpur)

5 **Sh. Ram Singh Netaji (Badarpur):**

**Water** क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि: (क) क्या बदरपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए अलग पीने के पानी का UGR बनांये जाने का कोई प्रस्ताव दिल्ली सरकार द्वारा तैयार किया गया है; (ख) क्या दिल्ली जल बोर्ड इस प्रस्ताव पर कार्य कर रहा है; और (ग) यही हाँ, तो यह कार्य कब तक आरम्भ करने की योजना है ?

----

## सीवर एवं पीने के पानी की लाईन

6 **Mr. Karnail Singh (Shakur Basti):**

**Water** क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि: (क) शकुरबस्ती विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न कॉलोनियों में डाले गये सीवर एवं पीने के पानी की लाईन कितनी साल पुरानी है;

(ख) इनमें से कहाँ—कहाँ की सीवर एवं पीने के पानी की लाईन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त यानि जर्जर हालत में हो गये है, जिसे अविलम्ब बदलने की जरूरत है; और

(ग) इन जर्जर सीवर एवं पानी की लाईन को कब तक नई सीवर लाईन एवं पानी की

लाईन से बदली जायेगी?

----

## पानी के बिलों, पीने के पानी व सीवर की लाईन के संदर्भ में।

7 **Sh. Ajay Kumar Mahawar (Ghonda):**

**Water** क्या जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:(क) घोंडा विधानसभा क्षेत्र में यमुना खादर से होकर गुजरने वाली पीने के पानी की मुख्य लाइन, जो सोनिया विहार वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (WTP) से आती है, के रख-रखाव (मरम्मत, पेंटिंग आदि) का कार्य अंतिम बार कब कराया गया;(ख) क्या यह सत्य है कि वर्तमान में उक्त लाइन की स्थिति संतोषजनक नहीं है;(ग) इस लाइन की मरम्मत एवं पेंटिंग का कार्य कब तक कराया जाएगा;

(घ) दिल्ली जल बोर्ड द्वारा पानी के मीटरों की आपूर्ति एवं स्थापना हेतु अंतिम बार टेंडर कब जारी/स्वीकृत किया गया था;(ङ) जिन उपभोक्ताओं के यहाँ अब तक पानी के मीटर स्थापित नहीं हुए हैं, उनके मीटर कब तक लगाए जाएंगे तथा भविष्य में मीटरों की स्थापना हेतु नए टेंडर की प्रक्रिया क्या है;

(च) यदि किसी उपभोक्ता का पानी का मीटर खराब (Defective) हो जाता है, तो दिल्ली जल बोर्ड द्वारा उपभोक्ता का पानी का बिल किस आधार/मानक (Billing Basis) पर तैयार किया जाता है;(छ) कई मामलों में औसत (Average) के आधार पर एकमुश्त बिल जारी करने से उपभोक्ताओं को होने वाली भारी असुविधा की स्थिति में जवाबदेही किस अधिकारी/विभाग की तय की जाती है, पूर्ण विवरण दें;

(ज) दिल्ली जल बोर्ड की परियोजनाओं के अंतर्गत घोंडा विधानसभा क्षेत्र में चल रहे PS Rising Main (1000 MM एवं 800 MM) के कार्य में अत्यधिक देरी होने के क्या कारण हैं तथा यह कार्य कब तक पूर्ण किए जाने की संभावना है; और

(झ) घोंडा विधानसभा क्षेत्र में कुल कितने किलोमीटर पीने के पानी की लाइनें एवं सीवर लाइनें बिछी हुई हैं, इनमें से कितनी लाइनें किस व्यास (MM में) की हैं, इनमें से कितनी लाइनें पूर्णतः ठीक स्थिति में हैं और कितनी खराब/जर्जर अवस्था में हैं, जर्जर लाइनों की मरम्मत अथवा प्रतिस्थापन कब तक किया जाएगा—पूर्ण जानकारी दें ?

----

## दिल्ली ट्रंक सीवर

8 **Sh. Harish Khurana (Moti Nagar):**

**Water** क्या माननीय जलमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) वर्ष 2015 के बाद से वेस्ट दिल्ली ट्रंक सीवर लाइन पर किए गए डीसिल्टिंग कार्य

का वर्षवार विवरण - एक मैनहोल से दूसरे मैनहोल तक स्थान की सटीक जानकारी सहित जिसमें कुल डीसिल्टिंग कार्य की लंबाई मीटरों में, कार्य के आरंभ व समाप्ति की तिथि का उल्लेख हो;

ख) वेस्ट दिल्ली ट्रंकलाइन से निकाले गए सिल्ट (गाद) की वर्षवार कुल मात्रा (मीट्रिक टन में);

ग) वर्ष 2015 के बाद से उक्त डीसिल्टिंग कार्यों से संबंधित कार्यादेशों, निविदाओं व अनुबंधों की वर्षवार प्रतियां;

घ) जिन ठेकेदारों/एजेंसियों को यह डीसिल्टिंग का कार्य दिया गया, उनके नाम, पैन/जीएसटी व अन्य विवरण जिसमें वर्षवार किए गए कार्य का व्यौरा, निविदा राशि, भुगतान की गई वास्तविक राशि व यदि कोई लंबित राशि है तो उसका विवरण;

ङ) प्रत्येक डीसिल्टिंग कार्य के लिए दिल्ली जलबोर्ड के इंजीनियरों द्वारा तैयार इंस्पेक्शन रिपोर्ट्स, समापन प्रमाणपत्र व गुणवत्ता आश्वासन रिपोर्ट की प्रतियां;

च) क्या डीसिल्टिंग के कार्य प्रक्रिया के दौरान वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी, जीपीएस ट्रैकिंग अथवा अन्य कोई डिजिटल प्रमाण आज्ञापित (mandated) किया गया था;

छ) यदि हां, तो उनकी प्रतियां दें या उनका अभिगम (access details) कराएं;

ज) जहां यह निकाली गई गाद डाली गई, ऐसे अधिकृत डंपिंग स्थलों का व विवरण व गाद के परिवहन रिकॉर्ड दें; झ) वेस्ट दिल्ली ट्रंक सीवर लाइन के संबंध में वर्ष 2015 से सीवरचोक होने, ओवरफ्लो होने या बैकफ्लो आदि के संबंध में प्राप्त हुई शिकायतों का विवरण ज़ोन/वार्ड/विधानसभाक्षेत्र के अनुसार दें;

ञ) पश्चिम दिल्ली में सीवर के डीसिल्टिंग कार्य के संबंध में किए गए आंतरिक ऑडिट, सीएजी निष्कर्षों, सतर्कता जांचों व विभागीय पुनरीक्षणों की प्रतियां दें;

ट) दिल्ली जलबोर्ड के पास उपलब्ध अद्यतन स्टेटस रिपोर्ट/वास्तविक स्थिति क्या है;

ठ) वेस्ट दिल्ली ट्रंक सीवर लाइन पर डीसिल्टिंग कार्य के निरीक्षण व प्रमाणीकरण हेतु उत्तरदायी अधिकारी/अधिकारियों के नाम व पदनाम एवं कार्य की वर्तमान स्थिति बताएं, और

ड) यह डीसिल्टिंग कार्य कब तक पूरा हो जाएगा?

----

## नांगलोई विधानसभा में सीवर की विकराल समश्या को ले कर

9 **श्री मनोज कुमार शौकीन (नांगलोई जाट):**

**जल** क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सत्य है कि दिल्ली जल बोर्ड को नांगलोई जाट विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न कॉलोनियों में सीवर जाम, ओवरफ्लो एवं गंदे पानी के सड़कों पर फैलने संबंधी लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं; (ख) यदि हाँ, तो विगत एक वर्ष में इस संबंध में कुल कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं तथा उनमें से कितनी शिकायतों का निस्तारण किया गया है; (ग) जिन क्षेत्रों में बार-बार सीवर जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है, वहाँ सीवर लाइनों की सफाई, मरम्मत एवं उन्नयन के लिए दिल्ली जल बोर्ड द्वारा अब तक क्या ठोस कार्रवाई की गई है; (घ) नांगलोई जाट विधानसभा क्षेत्र में सीवर व्यवस्था के स्थायी समाधान हेतु

क्या कोई विशेष योजना/परियोजना प्रस्तावित या स्वीकृत है; और

(ड) यदि हाँ, तो उसकी समय-सीमा क्या है?

----

## मटियाला विधानसभा क्षेत्र में DJB द्वारा जल आपूर्ति, सीवर ओवरफ्लो एवं बिलिंग समस्याएं

**10 Sh. Sandeep Sehrawat (Matiala):**

**Water** क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि: (क) मटियाला विधानसभा क्षेत्र में UGR/WTP से जल आपूर्ति आवश्यकता से कम होने के कारण इस सम्बन्ध में सुधार कदम एवं ग्रामीण डीप बोरवेलों को UGR से जोड़ने/क्षमता वृद्धि योजना का विवरण क्या है; (ख) पिछले 5 वर्षों में जल आपूर्ति/सीवर सुधार हेतु DJB द्वारा किए गये प्रमुख कार्यों का वर्षवार विवरण तथा नई सीवर लाइन (किमी) एवं आगामी प्रस्ताव क्या हैं; (ग) सैनिक नगर, जैन कॉलोनी, केशवकुंज आदि में गंदे पानी/सीवर ओवरफ्लो शिकायतों (पिछले 6 माह) का निस्तारण स्थिति, जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्यवाही एवं बिना रीडिंग बिलिंग/पूर्ण सीवर के कनेक्शन के कारण क्या हैं; और (घ) क्षेत्र में कार्यरत/प्रस्तावित UGR संख्या, MGD आपूर्ति, इलेक्ट्रिक विभाग ट्यूबवेल/कर्मचारी विवरण एवं सीवर समस्या के स्थायी समाधान की कार्ययोजना क्या है?

----

## Water

**11 Sh. Kailash Gangwal (Madipur):**

**Water** क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि: (क) क्या दिल्ली जल बोर्ड में कर्मचारियों व अधिकारियों की भारी कमी है;
(ख) बोर्ड द्वारा खाली पड़ें पदों पर एई, जेई की नियुक्ति कब तक कर दी जायेगी;
(ग) क्या यह सत्य है कि सीवरों की सफाई करने के लिए बोर्ड के पास मजदूरों की कमी है; (घ) यदि हां तो कार्य कौन और कैसे करेगा;
(ड) क्या यह सत्य है कि जल बोर्ड में ठेकेदार मजदूरों की तनख्वाह व उनसे जुडे पीएफएसआई फंड समय पर नही दे रहे; और
(च) क्या सरकार की दिल्ली जल बोर्ड के निजीकरण की कोई योजना है?

----

## Rain Water Harvesting and Jal Board

**12 Sh. Jitender Mahajan (Rohtas Nagar):**

**Water** क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि: (क) सरकार और उसके अंदर आने वाले कार्यालय एवं घरेलू उपभोक्ताओं द्वारा रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम से संबंधित कितने आवेदन दिल्ली जल बोर्ड को दिए गए और सरकार द्वारा इनमें से कितने

लोगों को प्रमाण पत्र या परमिशन दी गई;
(ख) पिछले दो वर्षों में सरकार और उसके अंतर्गत आने वाले कार्यालयो में कितने रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अभी तक लगाए गए हैं तथा उसके रखरखाव से संबंधित कार्य किस एजेंसी को दिया गया है;

(ग) पिछले 5 वर्षों में सरकार ने रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लिए कितना बजट आवंटित किया है तथा उनमें से कितना बजट खर्च हुआ है;
(घ) दिल्ली जल बोर्ड द्वारा दिल्ली में कितने बोरवेल द्वारा पानी की आपूर्ति की जाती है, क्योंकि वैधानिक तथ्यों के अनुसार दिल्ली का भूजल पीने योग्य नहीं है; और
(ङ) दिल्ली सरकार द्वारा लोगों को यह दूषित पानी पीने से बचाने के लिए क्या-क्या कदम उठाए गए हैं तथा ग्राउंडवाटर रिचार्ज के लिए सरकार द्वारा क्या ठोस कदम उठाए गए हैं?

----

## मुस्तफाबाद विधान सभा क्षेत्र (एसी-69) के अन्तर्गत 45 कालोनियों में सीवर निर्माण जो सीवर लाइन डाले गए वो आधी अधूरी है

13 **Sh. Mohan Singh Bisht (Mustafabad):**

Water क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क ) क्या यह सत्य है कि मुस्तफाबाद विधान सभा क्षेत्र (एसी-69) के अन्तर्गत 45 कालोनियों में सीवर निर्माण का कार्य किया गया;
ख ) क्या यह भी सत्य है कि उपरोक्त कालोनी में जो सीवर लाइन डाले गए वो आधी अधूरी है;

(ग ) क्या यह भी सत्य है कि सीवर लाइन डालने के पश्चात मुख्य लाइन में कनेक्शन होना अनिवार्य है; (घ) यदि हां तो जो सीवर लाइन डाली गई उसमें गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखे जाने और दिल्ली जल बोर्ड को एनओसी प्रमाण पत्र जारी कर दिए जाने के क्या करण हैं, पूर्ण विवरण दें; और

(ड.) उपरोक्त समस्याओं का पूर्ण विवरण उपलब्ध कराया जाएं?

----

## मुस्तफाबाद विधान सभा क्षेत्र (एसी-69) के अन्तर्गत अधिकत्तर कालोनियों में विगत वर्षों से पेय जल की गंभीर समस्या

14 **Sh. Mohan Singh Bisht (Mustafabad):**

Water क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क ) मुस्तफाबाद विधान सभा क्षेत्र (एसी-69) के अन्तर्गत अधिकत्तर कालोनियों में विगत

वर्षों से पेय जल की गंभीर समस्या रहने के क्या कारण हैं, पूर्ण विवरण दें; (ख )क्या यह भी सत्य है कि दिल्ली जल बोर्ड द्वारा बिना मीटर रीडर के उपभोक्ताओं को लाखों का एवरेज बिल बनाकर भेजा जा रहा है, जबकि पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है; और (ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं, पूर्ण विवरण दें?

----

## देवली विधानसभा क्षेत्र में जल आपूर्ति की स्थिति

15 **Sh. Prem Chauhan (Deoli):**

**Water** क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि: (क) देवली विधानसभा क्षेत्र को तेहखंड (ओखला) जल शोधन संयंत्र से प्रतिदिन कितना पानी (MGD) उपलब्ध कराया जा रहा है; (ख) देवली विधानसभा क्षेत्र को ग्रेटर कैलाश क्षेत्र से प्रतिदिन कितना पानी (MGD) उपलब्ध कराया जा रहा है; (ग) देवली विधानसभा क्षेत्र में पानी के टैंकरों के माध्यम से प्रतिदिन कुल कितना पानी (MGD) सप्लाई किया जा रहा है; (घ) देवली विधानसभा क्षेत्र में ट्यूबवेलों के माध्यम से प्रतिदिन कुल कितना पानी (MGD) उपलब्ध कराया जा रहा है; (ङ.) देवली विधानसभा क्षेत्र की कुल जल आवश्यकता (डिमांड) प्रतिदिन कितनी है (MGD) तथा वर्तमान में जल आपूर्ति और जल मांग के बीच कितना अंतर/घाटा (शॉर्टफॉल) है (MGD); (च) देवली विधानसभा क्षेत्र में पानी की सप्लाई पूरी करने के लिए दिल्ली सरकार द्वारा कौन-कौन से ठोस कदम उठाए जा रहे हैं; (छ) क्या भविष्य में देवली विधानसभा क्षेत्र में जल आपूर्ति बढ़ाने के लिए कोई योजना/ परियोजना प्रस्तावित या स्वीकृत है; और (ज) यदि हाँ, तो उसका विवरण एवं समय-सीमा क्या है?

----

## नांगलोई विधानसभा में सीवर की विकराल समश्या को ले कर

16 **श्री मनोज कुमार शौकीन (नांगलोई जाट):**

**जल** क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि: (क) क्या दिल्ली जल बोर्ड को नांगलोई जाट विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न कॉलोनियों में सीवर जाम, ओवरफ्लो एवं गंदे पानी के सड़कों पर फैलने संबंधी लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं; (ख) यदि हाँ, तो विगत एक वर्ष में इस संबंध में कुल कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं तथा उनमें से कितनी का निस्तारण किया गया है; (ग) जिन क्षेत्रों में बार-बार सीवर जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है, वहाँ सीवर लाइनों की सफाई, मरम्मत एवं उन्नयन के लिए दिल्ली जल बोर्ड द्वारा अब तक क्या ठोस कार्रवाई की गई है; (घ) नांगलोई जाट विधानसभा क्षेत्र में सीवर व्यवस्था के स्थायी समाधान हेतु क्या कोई विशेष योजना/परियोजना प्रस्तावित या स्वीकृत है; और (ड) यदि हाँ, तो उसकी समय-सीमा क्या है?

----

## सीवर शोधन संयंत्रों के जल के उपयोग

17 **Mr. Raj Kumar Bhatia (Adarsh Nagar):**

Water क्या माननीय जलमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
क) क्या पेयजल और सीवर शोधन संयंत्रों (STP) के जल उपयोग (Utilization) एवं उपभोग (Consumption) हेतु ऑडिट की आवश्यकता है;
ख) यदि हां, तो इस संबंध में क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

----

## कालकाजी विधानसभा के लिए जल के वास्तविक आवंटन

18 **Ms. Atishi (Kalkaji):**

Water क्या माननीय जलमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
क) कालकाजी विधानसभा के लिए जल के वास्तविक आवंटन की मात्रा क्या है;
ख) इस आवंटन की गणना का क्या आधार है और अंतिम बार यह गणना कब की गई थी;
ग) क्या इस आवंटन का निर्धारण करते हुए जनसंख्या को भी आधार बनाया गया था, यदि हां, तो कब कैसे;
घ) वर्ष 2024 और 2025 में अब तक कालकाजी विधानसभा क्षेत्र में जितने जल की आपूर्ति की गई है, उसकी महीने वार तालिका प्रदान करें;
ङ) कृपया गोविंदपुरी गली 1-16, गोविंदपुरी विस्तार 1-19 व अमृतपुरी गढ़ी में वर्ष 2024 में व 2025 में अब तक की गई जलआपूर्ति का महीनेवार विवरण दें;
च) क्या इन क्षेत्रों से जलआपूर्ति में कमी की कोई शिकायतें प्राप्त हुई हैं;और
छ) यदि हां, तो इनकी पुनरावृत्ति रोकने के लिए विभाग ने क्या कदम उठाए हैं?

----

## वन विभाग द्वारा एनओसी (NOC) न दिए जाने के कारण संगम विहार विधानसभा में जल एवं सीवर लाइनों के कार्य बाधित होने के संबंध में।

19 **Sh. Chandan Kumar Choudhary (Sangam Vihar):**

Water क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) यह सत्य है कि संगम विहार में दिल्ली जल बोर्ड द्वारा नई पानी एवं सीवर लाइनों के कार्य प्रस्तावित हैं, परंतु वन विभाग से एनओसी न मिलने के कारण ये कार्य लंबित हैं;
(ख) यदि हाँ, तो उक्त एनओसी किन-किन कारणों से अब तक जारी नहीं की गई है;
(ग) एनओसी प्राप्त करने हेतु दिल्ली जल बोर्ड एवं वन विभाग के बीच अब तक क्या पत्राचार/बैठकें हुई हैं? विवरण दें;
(घ) क्या सरकार इस समस्या के शीघ्र समाधान हेतु कोई समन्वित कार्ययोजना तैयार कर रही है; और (ड.) यदि हाँ, तो उसकी समय-सीमा क्या है?

----

## दिल्ली जल बोर्ड द्वारा जनवरी 2025 से दिसंबर 2025 तक दिल्ली के समस्त विधान सभा क्षेत्रों में किए गए बजट आवंटन की पूर्ण जानकारी प्रदान की जाए।

20 **Sh. Vishesh Ravi (Karol Bagh):**

**Water** क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि: (क) दिल्ली जल बोर्ड द्वारा जनवरी 2025 से दिसंबर 2025 तक दिल्ली के समस्त विधान सभा क्षेत्रों में विभिन्न हेडों के अंतर्गत किए गए बजट आवंटन की पूर्ण जानकारी (विधानसभावार एवं हेडवार) प्रदान की जाए; (ख) उक्त बजट आवंटन किस आधार पर, किन नियमों/कानूनी प्रावधानों के अंतर्गत तथा किस प्रक्रिया के अनुसार सभी विधान सभा क्षेत्रों में किया जाता है, इसकी भी जानकारी दें; और

(ग) अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिल्ली जल बोर्ड को लिखे गए पत्र संख्या 130430 तिथि 20/12/2025 पर विभाग द्वारा की गई कार्यवाही का पूर्ण विवरण प्रदान करें?

----

## ओखला वेस्ट वाटर लेबोरेटरी द्वारा जल गुणवत्ता निगरानी और NABL मान्यता स्थिति के संबंध में जानकारी का अनुरोध

21 **Mr. Sanjeev Jha (Burari):**

**Water** क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि: (क) क्या यह सत्य है कि ओखला वेस्ट वाटर लेबोरेटरी सीवेज पंपिंग स्टेशनों, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स, वाटर बॉडीज़, नहर और नालियों से वेस्ट वाटर सैंपल का टेस्ट करती है और अलग-अलग जगहों से यमुना नदी के पानी के सैंपल टेस्ट करके यमुना नदी की पानी की क्वालिटी की निगरानी करती है; (ख) जुलाई 2025 से नवंबर 2025 तक सीवेज पंपिंग स्टेशनों, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स, वाटर बॉडीज़, यमुना नदी, नहर और नालियों में इस लेबोरेटरी द्वारा टेस्ट किए गए सैंपल की महीनेवार संख्या बताएं; (ग) क्या यह सत्य है कि मार्च 2025 की तुलना में ऊपर बताए गए DJB इंस्टॉलेशन से सैंपलिंग फ्रीक्वेंसी और सैंपल की टेस्टिंग में भारी कमी आई है; (घ) क्या यह सत्य है कि ऊपर बताए गए महीनों में यमुना नदी, नहर, वाटर बॉडीज़, सीवेज पंपिंग स्टेशन आदि के लिए कोई सैंपल टेस्ट नहीं किया गया था; (ड) क्या यह सत्य है कि ओखला लेबोरेटरी NABL से मान्यता प्राप्त थी; (च) क्या यह सत्य है कि इसने 2025 में अपनी NABL मान्यता खो दी; और (छ) सैंपल और टेस्टिंग में अभूतपूर्व कमी और NABL स्टेटस खोने के लिए DJB द्वारा क्या कार्रवाई की गई?

----

## क्या कोंडली एसटीपी प्लांट की क्षमता बढ़ाने का कार्य पिछले 10 वर्षों में किया गया है ?

22 **Sh. Kuldeep Kumar (Kondli):**

**Water** क्या जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि: (क) क्या यह सत्य है कि कोंडली एसटीपी प्लांट की क्षमता बढ़ाने का कार्य पिछले 10 वर्षों में किया गया है; (ख) यदि हाँ तो

उसका पूरा विवरण उपलब्ध कराया जाए; (ग) ये कार्य कब शुरू हुआ था ,कार्य पूर्ण होने की तिथि क्या थी; (घ) यदि इस कार्य में विलंब हुआ है तो उसके कारण क्या है; (ड) अभी तक कितना प्रतिशत कार्य पूर्ण हुआ है; और (च) यदि कार्य समय से पूर्ण नहीं हुआ है तो कार्य पूर्ण करने की नई समय अवधि क्या है ?

----

## कृष्णा नगर विधानसभा क्षेत्र के ZRO office को योजना विहार स्थानांतरित किए जाने के संबंध में।

**23 Dr. Anil Goyal (Krishna Nagar):**

**Water** क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि: (क) क्या यह सत्य है कि कृष्णानगर विधानसभा क्षेत्र के लिए कार्यरत Zonal Revenue Officer (ZRO) के कार्यालय को वहां से स्थानांतरित कर योजना विहार में शिफ्ट कर दिया गया है; (ख) यदि हाँ, तो इस अचानक हुए स्थानांतरण के मुख्य कारण क्या हैं; (ग) क्या यह सत्य है कि कृष्णानगर के निवासियों को अब अपने पानी के बिल संबंधी कार्यों के लिए कई किलोमीटर दूर दूसरी विधानसभा में स्थित कार्यालय पर जाना पड़ता है; (घ) कृष्णानगर विधानसभा का कार्यालय हटाकर वहां बाबरपुर क्षेत्र के कार्यालय को संचालित करने के पीछे क्या Administrative Logic है; (ड.) क्या यह भी सत्य है कि इससे दोनों क्षेत्रों की जनता को दूरी और समय की बर्बादी का सामना करना पड़ रहा है; (च) क्या जनहित और बुजुर्ग नागरिकों की सुविधा को देखते हुए सरकार की ZRO कार्यालय को पुनः कृष्णानगर विधानसभा के भीतर (मूल स्थान पर) वापस लाने की कोई योजना है; (छ) यदि हाँ, तो यह कार्य कब तक संपन्न होगा; और (ज) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

----

## sewer water pipe line shortage of water and other

**24 Sh. Sanjay Goyal (Shahdara):**

**Water** क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि: (क) वर्तमान में दिल्ली में कुल कितने जल मीटर रीडर कार्यरत हैं तथा विशेष रूप से शाहदरा विधानसभा (AC-62) क्षेत्र में कितने मीटर रीडर तैनात हैं तथा पिछले 10 वर्षों में इन मीटर रीडरों पर विधानसभावार एवं वर्षवार कितना व्यय किया गया है, उसका विवरण प्रस्तुत किया जाए; (ख) पिछले 10 वर्षों में शाहदरा विधानसभा क्षेत्र में कितने उपभोक्ताओं के जल बिल शून्य (Zero) रहे हैं, इसका वर्षवार एवं श्रेणीवार (आवासीय, व्यावसायिक, औद्योगिक आदि) विवरण उपलब्ध कराया जाए; (ग) शाहदरा विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान में दिल्ली जल बोर्ड द्वारा कुल कितने जल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं, इन्हें श्रेणीवार (Residential/Commercial/Industrial) दर्शाया जाए तथा इन कनेक्शनों से पिछले 5 वर्षों में प्राप्त राजस्व का वर्षवार विवरण भी दिया जाए; (घ) पिछले 5 वर्षों में शाहदरा विधानसभा क्षेत्र में दिल्ली जल बोर्ड द्वारा कितने सबमर्सिबल पंप सील किए गए हैं, वर्षवार

एवं क्षेत्र/गलीवार विवरण उपलब्ध कराया जाए; (ङ.) भवन निर्माण के लिए दिल्ली जल बोर्ड द्वारा जल कनेक्शन प्रदान करने की वर्तमान प्रक्रिया क्या है, क्या इस प्रक्रिया के लिए कोई निर्धारित समय-सीमा है तथा पिछले 5 वर्षों में ऐसे कितने कनेक्शन प्रदान किए गए हैं, इसका विवरण भी दिया जाए; (च) पिछले 10 वर्षों में शाहदरा विधानसभा क्षेत्र में कहाँ-कहाँ नई जल पाइपलाइन एवं सीवरेज पाइपलाइन बिछाई गई हैं, इसका वर्षवार, गली/वार्डवार विवरण तथा इन कार्यों पर किए गए व्यय का वित्तीय विवरण प्रस्तुत किया जाए; (छ) पिछले 10 वर्षों में शाहदरा विधानसभा क्षेत्र में विधायक निधि (MLALAD) एवं विभागीय कोष से जल से संबंधित कितने कार्य कराए गए हैं, कार्यों का प्रकार, स्थान, वर्षवार व्यय सहित विवरण दिया जाए; और (ज) शाहदरा विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान में कुल कितने रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्वाइंट्स उपलब्ध हैं, उनकी वर्तमान स्थिति (चालू/बंद/अनुपयोगी) बताई जाए तथा पिछले 5 वर्षों में कितने नए हार्वेस्टिंग प्वाइंट्स बनाए गए हैं और उनकी निगरानी हेतु क्या व्यवस्था है, इसका विवरण भी दिया जाए?

----

## जल

25 **Sh. Satish Upadhyay (Malviya Nagar):**

**Water** क्या माननीय जल मंत्री बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली जलबोर्ड की रिबेट/वेवर योजना 2025 के अंतर्गत मालवीय नगर विधान सभा क्षेत्र में कितने उपभोक्ताओं ने छूट का लाभ उठाया है;

ख) इस योजना के अंतर्गत दिल्ली जलबोर्ड ने कितना राजस्व प्राप्त हुआ ;

ग) अप्रेल 2025 से दिसंबर 2025 तक मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र से दूषित पेयजल संबंधी कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं, व ऐसी शिकायतों के निवारण हेतु क्या सुधारात्मक उपाय किए गए हैं;

घ) मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में दो बड़े नाले हैं, क्या इन नालों पर सीवर शोधन संयंत्र स्थापित करने की कोई योजना है, यदि हां तो उसकी वर्तमान स्थिति क्या है, किस स्थान पर स्थापित किया जाना है व इसके पूरा होने संबंधी समयसीमा का संपूर्ण विवरण ;

ङ) मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में मालवीय नगर जलआपूर्ति सेवाओं की वर्तमान प्रशासनिक (Administrative) व परिचालनीय (Operational) स्थिति क्या है; और

च) दिल्ली जलबोर्ड इसे चालू रखने जा रहा है या समाप्त कर रहा है, यदि समाप्त कर रहा है तो क्षेत्रवासियों को जल आपूर्ति में बाधा न हो, इसके लिए क्या आकस्मिक योजना (Contingency Plan) है?

----

## पटेल नगर विधानसभा में जल आपूर्ति में कमी

26 **Sh. Pravesh Ratn (Patel Nagar):**

**Water** क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः (क) वर्ष 2010 से 2015 के बीच पटेल नगर विधानसभा क्षेत्र में प्रतिदिन औसतन कितने एमजीडी (Million Gallon

per Day) / लीटर प्रति व्यक्ति पानी की आपूर्ति की जाती थी; (ख) वर्तमान वर्ष 2024—25 में प्रतिदिन औसतन कितनी पानी की आपूर्ति की जा रही है; (ग) क्या यह तथ्य सही है कि पटेल नगर विधानसभा क्षेत्र में जनसंख्या बढ़ने के बावजूद जल आपूर्ति में कमी आई है; (घ) यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं; (ड.) क्या पानी की कमी का कारण पुरानी और लीकेज वाली पाइप लाइनें, अवैध कनेक्शन एवं अवैध निर्माण हैं; (च) क्या सरकार यह स्वीकार करती है कि जल संकट के कारण जनता को निजी टैंकरों पर निर्भर होना पड़ रहा है, जिससे भ्रष्टाचार और कालाबाज़ारी बढ़ रही है; और
(छ) क्या भविष्य में पटेल नगर विधानसभा क्षेत्र में जल आपूर्ति को पहले के स्तर तक लाने हेतु क्या कोई समयबद्ध कार्ययोजना प्रस्तावित है?

----

## जल

27 **Mr. Tilak Ram Gupta (Tri Nagar):**

**Water** क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि: (क) क्या यह सत्य है कि त्रिनगर विधानसभा क्षेत्र की सभी सीवर लाईन और पीने के पानी की लाईन लगभग 50 साल से अधिक पुरानी हैं; (ख) क्या यह भी सत्य है कि ये सभी सीवर लाईन और पीने के पानी की लाईन जर्जर हालत में है और इनको अविलम्ब नई लाईनों से बदलने की जरूरत है; और (ग) यदि हाँ, तो त्रिनगर विधानसभा क्षेत्र की सभी सीवर लाईन और पीने के पानी की लाईन को कब तक नई लाईनों से बदलने की सरकार की योजना है, पूरी जानकारी देने का कष्ट करें?

----

## दिल्ली जल बोर्ड की सीवर व्यवस्था की स्थिति, विशेषकर सीलमपुर विधानसभा में

28 **Sh. Chaudhary Zubair Ahmad (Seelampur):**

**Water** क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि: (क) दिल्ली में, विशेषकर सीलमपुर विधानसभा क्षेत्र में, सीवर लाइनों और मैनहोल का निर्माण या अंतिम बार अपग्रेड कब किया गया था; (ख) क्या यह सत्य है कि वर्तमान में सीलमपुर विधानसभा क्षेत्र में सीवर लाइनों का बड़ा हिस्सा जाम, क्षतिग्रस्त तथा अत्यंत खराब स्थिति में है, जिससे नियमित जलभराव और गंदगी की समस्या उत्पन्न हो रही है; (ग) क्या दिल्ली जल बोर्ड में सीवर रख-रखाव और शिकायत निवारण के लिए पर्याप्त मैनपावर और वाहनों की कमी है, जिसके कारण समय पर कार्रवाई नहीं हो पा रही है; (घ) यदि हाँ, तो सरकार द्वारा क्षतिग्रस्त सीवर लाइनों और मैनहोल को दुरुस्त करने अथवा नए सिरे से अपग्रेड करने के लिए क्या ठोस कदम उठाए जा रहे हैं; और (ड.) यह कार्य कब तक पूरा किया जाएगा?

----

## दिल्ली के पेयजल में यूरेनियम की स्थिति

**29 Sh. Chaudhary Zubair Ahmad (Seelampur):**

**Water** क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि: (क) क्या यह सत्य है कि दिल्ली के कुछ हिस्सों में भूजल में यूरेनियम सुरक्षित सीमा (30 ppb) से ज्यादा पाया गया है और हाल ही में कई हैंडपंप और बोरवेल्स में इसका स्तर अधिक है; (ख) क्या यह सत्य है कि यूरेनियम मुख्य रूप से गुर्दे के लिए नुकसानदेह है और बच्चों, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों के लिए यह स्वास्थ्य जोखिम बढ़ा सकता है; (ग) क्या सरकार प्रभावित इलाकों में लोगों को असुरक्षित पानी के बारे में बताने, वैकल्पिक पीने का पानी उपलब्ध कराने और पानी की जांच कर नतीजे सार्वजनिक करने की योजना बना रही है; और (घ) क्या सरकार लंबी अवधि में सामुदायिक RO, सुरक्षित पाइप्ड पानी और नियमित पानी की जांच जैसी योजनाओं पर काम कर रही है?

----

## जल

**30 Sh. Ravinder Singh Negi (Patparganj):**

**Water** क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि: (क) क्या यह सत्य है कि पटपड़गंज विधानसभा क्षेत्र (AC-57) में पिछले काफी समय से सीवर लाइन जाम रहने एवं पेयजल आपूर्ति की गंभीर समस्या बनी हुई है, जिससे स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है; (ख) क्या यह भी सत्य है कि कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद अब तक इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है; और (ग) इस समस्या के समाधान हेतु संबंधित विभाग द्वारा अब तक क्या कार्रवाई की गई है तथा भविष्य में सीवर लाइन की मरम्मत और नियमित स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए क्या ठोस योजना और समय-सीमा निर्धारित की गई है?

----

## बल्लीमारान विधानसभा क्षेत्र में सीवर डीसिल्टिंग

**31 Sh. Imran Hussain (Ballimaran):**

**Water** क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि: (क) क्या यह सत्य है कि बल्लीमारान विधानसभा क्षेत्र में सीवर डीसिल्टिंग (नालों/सीवर की सफाई) का कार्य अब तक पूर्ण नहीं हो पाया है; (ख) यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं; और (ग) उक्त कार्य को पूर्ण करने के लिए कौन-सी एजेंसी जिम्मेदार है तथा इसे किस तिथि तक पूर्ण किया जाएगा?

----

## जल

**32 Sh. Kuldeep Kumar (Kondli):**

**Water** क्या माननीय जलमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि:

क) वाटर ट्रांस्मीशन मेन को भागीरथी से दल्लूपुरा प्रतिस्थापन किए जाने के बारे में बताएं कि इस परियोजना के लिए निविदा कब पास की गई थी;
ख) इस परियोजना की अनुमानित लागत क्या है;
ग) क्या इस पाइपलाइन पर कार्य आरंभ हो गया है;
घ) इस परियोजना के पूरा होने की अनुमानित समयावधि क्या है;
ङ) क्या इस समयसीमा में कोई विलंब हो रहा है;और
छ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं?

----

**"कमरुद्दीन नगर में सीवरेज पंपिंग स्टेशन निर्माण कार्य में देरी"**

33 Mr. Gajender Drall (Mundka):

Water क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि: (क) कमरूदीन नगर में सीवरेज पंपिंग स्टेशन का कार्य अब तक पूर्ण नहीं होने के क्या कारण हैं;
(ख) इस कार्य को पूरा करने की वर्तमान समय-सीमा क्या निर्धारित की गई है; और
(ग) देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों/ठेकेदारों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है या प्रस्तावित है ?

----

**Water**

34 Sh. Prem Chauhan (Deoli):

Water क्या माननीय जल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) क्या यह सत्य है कि दिल्ली जल बोर्ड ने अपने इंजीनियरों को बिना टेंडर बुलाए या बिना स्पॉट कोटेशन के काम करने की आज़ादी दी है;
(ख) यदि हाँ, तो ऐसी आज़ादी देने के क्या कारण हैं;
(ग) बिना टेंडर या स्पॉट कोटेशन के दिए गए ऐसे कामों पर निगरानी रखने के लिए क्या इंतज़ाम हैं;
(घ) क्या यह आज़ादी कई तरह से भ्रष्टाचार को नहीं बढ़ाएगी;
(ड.) उन सभी कामों की लिस्ट पूरी जानकारी के साथ दें, जैसे काम का प्रकार, उसकी अर्जेंसी, ठेकेदार का नाम, काम की जगह, अब तक बिना टेंडर के दिए गए सभी काम और हर काम की कीमत;
(च) बिना टेंडर या स्पॉट कोटेशन के कितने काम दिए गए और पूरे किए गए और उनकी लागत कितनी थी, और क्या ऐसे किसी काम की फिजिकली जांच किसी सीनियर ऑफिसर (चीफ इंजीनियर और उससे ऊपर) या खुद CEO ने की है; (छ) इस साल (2025) कालिंदी कुंज यमुना में झाग हटाने पर कितना पैसा खर्च हुआ, जिसमें झाग हटाने के लिए छिड़काव, केमिकल की खरीद, नावों पर खर्च, पानी की सप्लाई के लिए टैंकरों का ब्रेकअप शामिल है; (ज) झाग हटाने का काम किस तारीख से शुरू हुआ और किस तारीख तक चला, तारीख के हिसाब से झाग हटाने वाले केमिकल की खपत और तारीख

के हिसाब से पानी की सप्लाई की मात्रा बताएं; (झ) कालिंदी कुंज में लगाए गए केमिकल प्लांट द्वारा रोज़ाना कितना पतला केमिकल साइट पर तैयार किया गया, जिसमें झाग हटाने वाले कंसंट्रेट की कितनी मात्रा थी। सहायक दस्तावेज़ दें;

(ट) दिल्ली जल बोर्ड ने यमुना में झाग हटाने के लिए इस्तेमाल किए गए केमिकल की डोज़ की गणना कैसे की;

(ठ) DJB द्वारा कालिंदी कुंज में स्थापित ऑन-साइट लैब में कौन से टेस्ट किए गए और टेस्ट रिपोर्ट बताएं; और

(ड) क्या यह सत्य है कि छठ के अगले दिन ऑन-साइट अस्थायी लैब को हटा दिया गया था, जबकि छठ के बाद 45 दिनों से ज़्यादा समय तक झाग हटाने का काम जारी रहा?

----

## सैकेण्डरी / सीनियर सैकेण्डरी स्कूल

35 **Mr. Karnail Singh (Shakur Basti):**

**Education** क्या माननीय शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः (क) शकुरबस्ती विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत दिल्ली सरकार के कुल कितने सैकेण्डरी / सीनियर सैकेण्डरी स्कूल कार्यरत हैं; (ख) उपरोक्त विद्यालयों में किस-किस विद्यालय में प्रधानाचार्य, उप-प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों के कितने-कितने पद स्वीकृत हैं, कितने पद भरे हुए है; (ग ) उपरोक्त विद्यालयों में खाली पड़े हुए पद कब तक भर दिये जायेंगे ; (घ) उपरोक्त विद्यालयों में से किस-किस विद्यालय में विज्ञान एवं कॉमर्स की पढ़ाई नहीं हो रही है; (ड़) इन विद्यालयों में कब तक सभी में विज्ञान एवं कॉमर्स की पढ़ाई भी शुरू कर दी जायेगी; (च) शकुरबस्ती विधानसभा क्षेत्र के किन-किन विद्यालयों में डिजिटल बोर्ड की सुविधा उपलब्ध है; और (छ) यदि नहीं, तो इन विद्यालयों में कब तक डिजिटल बोर्ड की सुविधा उपलब्ध करवा दी जायेगी?

----

## सरकारी स्कूलों के संदर्भ में।

36 **Sh. Ajay Kumar Mahawar (Ghonda):**

**Education** क्या माननीय शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः (क) घोंडा विधानसभा क्षेत्र के कितने सरकारी विद्यालयों में साइंस लैब एवं कंप्यूटर लैब उपलब्ध हैं तथा कितने विद्यालयों में ये सुविधाएँ उपलब्ध नहीं हैं; (ख) घोंडा विधानसभा में कितने विद्यालयों में डिजिटल लाइब्रेरी पूर्ण रूप से कार्यशील है और कितनों में नहीं; (ग) जिन विद्यालयों में ये सुविधाएँ उपलब्ध नहीं हैं, वहाँ इन्हें स्थापित करने हेतु सरकार की कार्य-योजना एवं समय-सीमा क्या है, विद्यालयवार विवरण प्रदान किया जाए; (घ) घोंडा विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान में कितने सरकारी विद्यालयों में साइंस एवं कॉमर्स स्ट्रीम उपलब्ध हैं; (ङ) इन विद्यालयों में साइंस विषय के लिए कितने नियमित (स्थायी) शिक्षक

कार्यरत हैं तथा कितने पद रिक्त हैं, विद्यालय-वार एवं विषय-वार सूची उपलब्ध कराई जाए; (च) क्या सरकार द्वारा घोंडा विधानसभा क्षेत्र के सभी सरकारी विद्यालयों में अटल टिंकरिंग लैब (Atal Tinkering Lab) स्थापित करने की कोई योजना प्रस्तावित/स्वीकृत है; (छ) यदि हाँ, तो अब तक कितने विद्यालयों में यह लैब स्थापित की जा चुकी है तथा शेष विद्यालयों में इसे कब तक स्थापित किया जाएगा; (ज) घोंडा विधानसभा क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में कुल कितने शिक्षक पद स्वीकृत हैं, वर्तमान में इनमें से कुल कितने शिक्षक कार्यरत हैं तथा कितने पद रिक्त हैं व कार्यरत शिक्षकों में से कितने स्थायी एवं कितने अस्थायी/संविदा पर हैं, विषयवार एवं विद्यालयवार शिक्षकों की कमी का विवरण प्रदान किया जाए; (झ) भविष्य में इन रिक्त पदों को भरने हेतु सरकार की भर्ती/नियुक्ति योजना क्या है; (ट) क्या यह सत्य है कि घोंडा विधानसभा क्षेत्र के जनकल्याण (राजकीय) स्कूल के विद्यार्थियों को पूर्व में पोर्टा केबिन में अध्ययन करने के लिए विवश होना पड़ा था तथा वर्तमान में कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों को अन्य विद्यालयों की इमारतों में पढ़ाई करने के लिए भेजा जा रहा है; (ठ) क्या उक्त विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए स्थायी भवन उपलब्ध कराने अथवा नए भवन के निर्माण की कोई योजना प्रस्तावित/स्वीकृत है; और ड) यदि हाँ, तो उसका विवरण एवं संभावित समय-सीमा क्या है ?

----

## शिक्षा

37 **Sh. Vishesh Ravi (Karol Bagh):**

**Education** क्या माननीय शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि: (क) वर्ष 2025—2026 के दौरान जिला केन्द्रीय एवं नई दिल्ली क्षेत्र के अंतर्गत जोन 26, 27 और 28 में स्थित प्राइवेट स्कूलों में EWS श्रेणी के तहत पढ़ रहे बच्चों को किताबें, स्टेशनरी और यूनिफॉर्म (गर्मी व सर्दी) की उपलब्ध कराई गई हैं या नहीं; और (ख) जिन स्कूलों द्वारा अब तक बच्चों को किताबें, स्टेशनरी एवं यूनिफॉर्म उपलब्ध नहीं कराई गई हैं, उन स्कूलों पर विभाग द्वारा की गई कार्यवाही एवं बच्चो को उपरोक्त सामग्री कब तक प्रदान कर दी जाएगी, इसकी जानकारी उपलब्ध कराएं ?

----

## मटियाला विधानसभा क्षेत्र में सरकारी स्कूल भवन निर्माण, नई स्कूल योजनाएँ एवं मिड-डे मील व्यवस्था

38 **Sh. Sandeep Sehrawat (Matiala):**

**Education** क्या माननीय शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि: (क) मटियाला विधानसभा क्षेत्र में स्थित अर्जुन पार्क एवं क़ुतुब विहार में विद्यालय भवनों की जमींन पर स्कूल बनाने की कोई योजना प्रस्तावित है; (ख) यदि हाँ, तो कार्य कब तक पूर्ण किया जाएगा; (ग) क्या यह सत्य है कि मटियाला विधानसभा क्षेत्र के मटियाला SKV, छावला SKV तथा घुमनहेड़ा SKV विद्यालयों की स्थिति अत्यंत खराब है तथा ये अभी भी टिन-

शेड में संचालित हो रहे हैं; (घ) यदि हाँ, तो इनके स्थायी भवन निर्माण/मरम्मत हेतु क्या योजना बनाई गई है और कब तक कार्य पूरा किया जाएगा; (ड) क्या मटियाला विधानसभा क्षेत्र में नए सरकारी स्कूल खोलने की सरकार की कोई योजना है; (च) यदि हाँ, तो उनके प्रस्तावित स्थानों का विवरण उपलब्ध कराया जाए; (छ) मटियाला विधानसभा क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में छात्रों को प्रदान की जा रही मिड-डे मील योजना किस एजेंसी/एनजीओ के माध्यम से संचालित की जा रही है; और (ज) क्या भोजन की गुणवत्ता की नियमित जांच की जाती है, संपूर्ण विवरण उपलब्ध कराया जाए।

----

## शिक्षा

39 **Sh. Mohan Singh Bisht (Mustafabad):**

**Education** क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि: (क) क्या यह सत्य है कि एसी-69 मुस्तफाबाद के अन्तर्गत खसरा नं0 31/13/02 जो लगभग 362 वर्ग गज की है, उक्त जमीन को डीडीए ने वर्ष 2017 में शिक्षा विभाग को हस्तांतरित कर दिया था; (ख) यदि हां तो क्या उक्त जमीन पर दिव्यांग बच्चों के लिए संसाधन निर्माण केन्द्र (सीडब्ल्यूएसएन रिसोर्स सेन्टर (G+2)) प्रस्तावित है, पूर्ण विवरण दें; और (ग) शिक्षा विभाग द्वारा उक्त संदर्भ में की गई कार्रवाई का ब्यौरा उपलब्ध कराया जाए ?

----

## एसी-69 मुस्तफाबाद के अन्तर्गत खसरा नं0 36/25 जो लगभग 1018 वर्ग गज में माध्यमिक विद्यालय निर्माणके सम्बन्ध में

40 **Sh. Mohan Singh Bisht (Mustafabad):**

**Education** माननीय शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि: (क) क्या यह सत्य है कि एसी-69 मुस्तफाबाद के अन्तर्गत खसरा नं0 36/25 जो लगभग 1018 वर्ग गज की है। उक्त जमीन को डीडीए ने वर्ष 2014 में शिक्षा विभाग को हस्तांतरित कर दिया था; (ख) क्या उक्त जमीन पर माध्यमिक विद्यालय निर्माण की योजना दिल्ली सरकार के अन्तर्गत प्रस्तावित है; (ग ) यदि हां तो उसका पूर्ण विवरण दें; और (घ) शिक्षा विभाग द्वारा उक्त संदर्भ में की गई कार्रवाई का ब्यौरा उपलब्ध कराया जाए?

----

## शिक्षा

41 **Ms. Atishi (Kalkaji):**

**Education** क्या माननीय शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि:

क) वर्ष 2025 के शिक्षा वर्ष के लिए एसडीएम के नेतृत्व में बनी कमेटियों ने जिन बिना सहायता वाले निजी विद्यालयों (Private Unaided Schools) के वित्तीय लेनदेन संबंधी ली गई ऑडिट रिपोर्टें की जाँच की गई थीं , उन सभी स्कूलों की विस्तृत सूची दें;

ख) इन रिपोर्टों के आधार पर कितने स्कूलों को वित्तीय अनियमितताओं का या मुनाफाखोरी का दोषी पाया गया;

ग) ऐसे स्कूलों के विरुद्ध दिसंबर 2025 तक कौन सी दंडात्मक कार्रवाई, जैसे कारण बताओ नोटिस, ज़ुर्माना या मान्यता वापस लेने की संस्तुति की गई, इसकी प्रति उपलब्ध कराएं;

घ) वर्ष 2025-2026 के सत्र के लिए जिन निजी स्कूलों ने अपनी फीस बढ़ाई है, उनकी सूची दें, प्रत्येक स्कूल की फीस वृद्धि का प्रतिशत भी बताएं, व क्या इस फीसवृद्धि की पूर्वस्वीकृति शिक्षा निदेशालय से या नवगठित स्कूल लेवल फी रेगुलेशन कमेटी (एसएलएफआरसी) से ली गई थी;

ङ) सरकारी हस्तक्षेप के कारण कितने स्कूलों को फीसवृद्धि वापस लेने का आदेश दिया गया;

च) क्या डीपीएस द्वारका द्वारा बढ़ी हुई फीस न दे पाने के कारण विद्यार्थियों के साथ किए गए अमानवीय व्यवहार के बारे में माननीय उच्च न्यायालय की टिप्पणी से मंत्री महोदय अवगत हैं;

छ) क्या डीपीएस द्वारका द्वारा बढ़ी हुई फीस न दे पाने के कारण छात्रों को रोकने के लिए बाउंसरों का प्रयोग करने और बच्चों को लायब्रेरी में बंद करने के संबंध में एफआईआर कराई गई है; और

ज) यदि नही तो ज़िलाधीश की अत्यंत आपत्तिजनक निरीक्षण रिपोर्ट के बावजूद आपराधिक कार्रवाई न करने का क्या कारण है?

----

## वर्ष 2025-26 में आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के प्राइवेट स्कूल दाखिले, शिक्षा मंत्री के पत्र एवं एडेड स्कूलों में भर्ती प्रक्रिया के संबंध में जानकारी का अनुरोध

**42** **Mr. Sanjeev Jha (Burari):**

**Education** क्या माननीय शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगें कि: (क) वर्ष 2025-2026 मैं आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के कितने दाखिले प्राइवेट स्कूलों में हुए और इन्हें करने की क्या प्रक्रिया अपनाई गई; (ख) क्या यह सत्य है की इस वर्ष जो दाखिले किए गए सभी को शिक्षा मंत्री द्वारा बधाई पत्र दिए गए; (ग) जो पत्र दिए गए उनमें से कितने पत्र गलत पता एवं अन्य कार्य के कारण वापस आए सभी की सूची प्रदान की जाए; (घ) क्या यह सत्य है की शिक्षा मंत्री द्वारा एडेड स्कूलों में शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं एसडीएम व अन्य अधिकारियों की एक कमेटी बनाई गई; (ड.) यदि हां तो उसे कमेटी ने क्या रिपोर्ट दी, उसकी कॉपी दी जाए; (च) क्या यह सत्य है कि वर्ष 2025 में एडेड स्कूलों में सीधी भर्ती करी गई यदि; और (छ) यदि हां, तो उसमें क्या प्रक्रिया अपनाई गई एवं सरकार का उसमें क्या रोल था तथा जिन जिन स्कूलों में भर्ती की गई उन सभी शिक्षकों की सूची प्रदान की जाए?

----

## शिक्षा विभाग से जुड़े सवाल

43 **Mrs. Poonam Sharma (Wazirpur):**

**Education** क्या माननीय शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वज़ीरपुर विधानसभा क्षेत्र, विशेषकर अशोक विहार में स्थित दिल्ली सरकार के स्कूलों की इमारतें किस वर्ष निर्मित की गई थीं, तथा इनमें से कितने स्कूल भवन पुराने एवं जर्जर अवस्था में हैं; (ख) इन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अंतिम बार संरचनात्मक (स्ट्रक्चरल) सर्वे कब कराया गया था, और उसके आधार पर कितने स्कूलों को तत्काल मरम्मत या पुनर्निर्माण की आवश्यकता बताई गई है; (ग) वर्ष 2023 से 2025 के दौरान वज़ीरपुर क्षेत्र के सरकारी स्कूलों की मरम्मत के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई, कितनी राशि वास्तव में खर्च हुई, तथा किन-किन स्कूलों में यह कार्य कराया गया; (घ) क्या यह सत्य है कि कई सरकारी स्कूलों के बाहर स्कूल शुरू होने और छुट्टी के समय अवैध पार्किंग एवं अतिक्रमण के कारण गंभीर ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती है, जिससे छोटे बच्चों, अभिभावकों एवं स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा प्रभावित होती है; (ङ) बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्कूलों के बाहर नो-पार्किंग ज़ोन, पिक-अप/ड्रॉप ज़ोन, स्पीड ब्रेकर, ज़ेब्रा क्रॉसिंग, चेतावनी संकेत बोर्ड तथा ट्रैफिक पुलिस या वार्डन की तैनाती के संबंध में क्या कोई स्थायी योजना बनाई गई है; (च) क्या यह भी सत्य है कि कई स्कूलों के बाहर गंदगी, कूड़ा-कचरा और अवैध पार्किंग एक साथ होने के कारण स्वच्छता और सुरक्षा दोनों प्रभावित हो रही हैं; (छ) यदि हां तो इस संबंध में नियमित सफाई, अतिक्रमण हटाने एवं निरीक्षण की जिम्मेदारी किस विभाग की है; और (ज) पिछले एक वर्ष में वज़ीरपुर विधानसभा क्षेत्र के कितने सरकारी स्कूलों के बाहर सफाई, पार्किंग और अतिक्रमण व्यवस्था को लेकर संयुक्त निरीक्षण किया गया है, और इसके आधार पर क्या कार्रवाई की गई है?

----

## शिक्षा

44 **Sh. Kuldeep Kumar (Kondli):**

**Education** क्या माननीय शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) दिल्ली स्कूल एजुकेशन (फीस निर्धारण एवं नियमन में पारदर्शिता) अधिनियम 2025 का प्रारूप तैयार करने की प्रक्रिया के लिए कालक्रमानुसार संपूर्ण समय-प्रक्रिया,एवं प्रशासनिक प्रक्रिया क्या है;

(ख) इस अधिनियम के लिए, रा.रा.क्षे.दि.सरकार के विधि विभाग द्वारा, वरिष्ठ अधिवक्ताओं द्वारा अथवा सरकार के नियमित स्थाई अधिवक्ताओं के अतिरिक्त विधिविभाग के बाहर से मंगाए गए और प्राप्त हुए वैधानिक परामर्श की एक विस्तृत सूची उनकी प्रतिलिपियों सहित उपलब्ध कराएं;

(ग) बाहर से मंगाए गए परामर्श के संबंध में कृपया संबंधित व्यक्तियों अथवा विधि विशेषज्ञों का नाम भी बताएं;

(घ) इस प्रकार बाहर से मंगाए गए परामर्शों के लिए कुल पेशेवर शुल्क अथवा मानदेय

की राशि बताएं व सरकार के अपने विधि विभाग पर निर्भर करने के बजाए बाहर से परामर्श लिए जाने के क्या कारण हैं;

(ङ) इस संबंध में शिक्षा विभाग की संपूर्ण आंतरिक नोटिंग व पत्र-व्यवहार की प्रति उपलब्ध कराएं जिसमें शिक्षा सचिव एवं मंत्री महोदय की विशिष्ट टिप्पणियां भी हों;

(च) क्या किसी भी परामर्श में दिल्ली स्कूल एजूकेशन (फीस निर्धारण एवं नियमन में पारदर्शिता) अधिनियम 2025 में और दिल्ली स्कूल एजूकेशन अधिनियम एंड रूल्स 1973 में क्या कोई टकराव (conflicts) है, यदि हां तो इन्हें कैसे दूर किया गया; और

(झ) असहमति एवं सावधानी हेतु 'पॉइंट ऑफ कॉशन' दर्शाने वाली फ़ीस सीमा निर्धारण लागू करने वाली सभी वित्त एवं विधि विभाग की टिप्पणियों की प्रतियां उपलब्ध कराएं?

----

## शिक्षा

45 **Sh. Satish Upadhyay (Malviya Nagar):**

**Education** क्या माननीय शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि:

क) सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में 'ब्रीद स्मार्ट योजना' के अंतर्गत लगाए गए एयर प्योरीफायरों की कुल संख्या क्या है और इनमें से मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में कितने लगे हैं;

ख) ग्रैप 4 के प्रतिबंधों व लंबे समय तक स्कूल में कक्षाओं की पढ़ाई न होने और पूरी तरह ऑनलाइन पढ़ाई किए जाने को देखते हुए, विशेष रूप से प्राथमिक व आरंभिक स्तर के विद्यार्थियों के संबंध में, शिक्षा में आए अंतराल (Learning Gap) को पूरा करने के लिए सरकार की क्या योजना है;

ग) पूरी दिल्ली और विशेषकर मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र के स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं जैसे साफ पेयजल, विद्युत आपूर्ति, कक्षाओं में प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता व अग्नि शमन आदि की वर्तमान स्थिति क्या है;

घ) 'अपार आईडी', वन नेशन वन स्टूडेंट आईडी के क्रियान्वयन की क्या स्थिति है, क्या इन्हें आधार से जोड़ा गया है व जिन छात्रों के पास आधार नहीं है, उनके लिए क्या प्रावधान है; और

ङ) अध्यापकों की रिक्तियों के संबंध में वर्तमान स्थिति, विशेषरूप से मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र के स्कूलों के संबंध में, क्या है और स्वीकृत पदों पर भर्ती किए जाने के संबंध में वर्तमान स्थिति क्या है?

----

## शिक्षा

46 **Sh. Kuldeep Kumar (Kondli):**

**Education** क्या माननीय शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि सरकार ने वर्ष 2025 में डॉ. बीरआर अंबेडकर स्कूल्स ऑफ स्पेश्लाइज्ड एक्सीलेंस का नाम औपचारिक रूप से बदलकर 'सीएम श्री स्कूल' (चीफ मिनिस्टिर स्कूल्स फॉर हॉलिस्टिक रीसोर्स एंड एजूकेशनल एक्सीलेंस) कर दिया है;
ख) यदि हां, तो नाम के इस परिवर्तन के लिए निर्देश जारी करने वाले प्राधिकारी अथवा अधिकारी का नाम व पदनाम बताएं, व इस परिवर्तन का औपचारिक आदेश किस तिथि को जारी हुआ था;
ग) भारत रत्न डॉ. बी आर अंबेडकर के नाम को हटाने के इस निर्णय के संबंध में संपूर्ण फाइल नोटिंग्स, आंतरिक पत्रव्यवहार तथा कैबिनेट नोट की प्रतियां सदन के पटल पर रखी जाएं;
घ) क्या एक वर्तमान शैक्षिक परियोजना से डॉ. बीर आर अंबेडकर के नाम को हटाने के कारण होने वाले सामाजिक एवं वैधानिक निहितार्थों के बारे में विधि विभाग से कानूनी सलाह ली गई थी ;
ङ) इस परिवर्तन प्रक्रिया में सभी स्कूलों में संकेतों, बोर्डों को बदले जाने, सरकारी स्टेशनरी, वेबसाइट व डिजिटल पोर्टल्स को अपडेट करने तथा सीएम श्री के प्रचार व विज्ञापन पर किए जाने वाले खर्च की कुल अनुमानित लागत क्या है;
च) क्या डॉ. बी आर अंबेडकर का नाम हटाए जाने को लेकर नागरिकों, शिक्षा विशेषज्ञों अथवा सामाजिक संगठनों की ओर कोई representations or objections प्राप्त हुए हैं, यदि हां तो ऐसी कितनी आपत्तियां/प्रतिवेदन प्राप्त हुए हैं और सरकार ने उनका क्या उत्तर दिया है; और
छ) क्या यह परिवर्तन शैक्षिक मॉडल अथवा इन स्कूलों के पाठ्यक्रम में किसी परिवर्तन को दर्शाता है अथवा यह केवल नाम का ही परिवर्तन है?

----

## SIR इंप्लीमेंटेशन और स्कूलों में शिक्षक तैनाती की स्थिति

47 **Sh. Chaudhary Zubair Ahmad (Seelampur):**

**Education** माननीय शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः- (क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि SIR के तहत अत्यधिक दस्तावेज़ीकरण के कारण जनता को कठिनाइयाँ हो रही हैं; (ख) क्या यह सत्य है कि स्कूलों में स्टाफ की कमी के बावजूद बड़ी संख्या में शिक्षक SIR और अन्य कार्यों के लिए तैनात किए जा रहे हैं; और (ग) यदि हाँ, तो सरकार ने इस स्थिति का छात्रों की पढ़ाई पर पड़ने वाले प्रभाव का क्या मूल्यांकन किया है और इसे सुधारने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

----

## गांधी को एड स्कूल के पुनर्निर्माण का तत्कालीन स्टेटस

48 **Sh. Chaudhary Zubair Ahmad (Seelampur):**

**Education** माननीय शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगेः- (क) क्या यह सत्य है कि गांधी 'को एड' / ब्रह्मपुरी स्कूल को वर्ष 2021 के आसपास गिरा दिया गया था और आज

तक उसका पुनर्निर्माण शुरू नहीं हुआ है; (ख) क्या यह भी सत्य है कि उक्त स्कूल के पुनर्निर्माण से संबंधित फाइल विभिन्न विभागों के बीच लंबित है और अब तक उस पर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है; और (ग) यदि हाँ, तो इस असामान्य देरी के क्या कारण हैं और स्कूल का पुनर्निर्माण कब तक पूरा किया जाएगा, जिससे क्षेत्र के विद्यार्थियों को हो रही परेशानी समाप्त हो सके ?

----

## दिल्ली सरकार के स्कूलों में उचित सीवर कनेक्शन का अभाव

49 **Sh. Chaudhary Zubair Ahmad (Seelampur):**

**Education** क्या माननीय शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि: (क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि दिल्ली सरकार के कई स्कूलों में, विशेषकर सीलमपुर विधानसभा क्षेत्र में, आज भी उचित सीवर कनेक्शन उपलब्ध नहीं हैं और वे केवल सेप्टिक टैंक पर निर्भर हैं; (ख) यदि हाँ, तो दिल्ली सरकार के ऐसे कितने स्कूल हैं जहाँ अभी तक स्थायी और पूर्ण सीवर कनेक्शन नहीं दिया गया है; (ग) क्या सरकार द्वारा इन स्कूलों में स्वच्छता, स्वास्थ्य और विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उचित सीवर कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिए कोई समय-सीमा तय की गई है; और (घ) यदि हाँ, तो उसका विवरण क्या है?

----

## दिल्ली के सरकारी विद्यालयों की भवन सुरक्षा ऑडिट एवं खेल-कूद सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण से संबंधित विषय

50 **Mr. Surya Prakash Khatri (Timarpur):**

**Education** क्या माननीय शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि: (क) क्या यह सत्य है कि दिल्ली में अनेक सरकारी विद्यालयों के भवन काफी पुराने और जर्जर हो चुके हैं जो कि बच्चों एवं शिक्षकों की सुरक्षा की दृश्टि से गंभीर विषय है; (ख) यदि हॉं, तो क्या सरकार ने सभी सरकारी विद्यालय भवनों का समयबद्ध रूप से संरचनात्मक सुरक्षा ऑडिट करने की कोई व्यापक योजना बनाई है ताकि जर्जर भवनों की पहचान कर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत/पुनर्निर्माण किया जा सके; (ग) क्या सरकार द्वारा विद्यालयों में खेलकूद को समान महत्व देने हेतु कोई विशेष नीति/कार्यक्रम तैयार किया गया है जिससे बच्चों के आउटडोर खेलों के प्रति रूचि विकसित हो; (घ) क्या इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु सरकार द्वारा विद्यालयों के पर्याप्त खेल मैदान, आधुनिक खेल सामग्री, प्रशिक्षित, खेल शिक्षक उपलब्ध कराने की कोई योजना बनाई गई है; और (ड.) उपरोक्त संबंध में सरकार द्वारा उठाए जा रहे वर्तमान एवं प्रस्तावित कदमों का पूर्ण विवरण दें?

----

## शिक्षा

51 **Sh. Kuldeep Solanki (Palam):**

**Education** क्या माननीय शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः (क) पालम विधानसभा में सर्वोदय कन्या विद्यालय विजय इनक्लेव (1821025) मे लगभग 10 साल से एक ही प्रिंसिपल विराजमान है जबकि SKV पालम इनक्लैव (1821001) मे प्रधानाचार्य का तबादला बहुत थोड़े समय बाद हो गया और उसके बदले किसी दूसरे Principal को आज तक नही भेजा गया; (ख) यदि हां, तो सर्वोदय कन्या विद्यालय जिसमे 10 साल से एक ही Principal है उसकी शैक्षिणक स्थिति दयनीय है, ऐसी स्थिति मे मेरा प्रश्न यह है; और (ग) क्या सरकार कोई ठोस नई तबादला नीति लेकर आ रही हैं जिससे सभी स्कूलों का प्रबंधन प्रभावी रूप से हो सके और जो स्कूल प्रधानाचार्य रहित है वहाँ कब तक नये School Head की नियुक्ति हो जाएगी?

----

## माननीय शिक्षा मंत्री

52 **Mr. Ashok Goel (Model Town):**

**Education** क्या माननीय शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र में दिल्ली सरकार के कुल कितने स्कूल हैं , पूर्ण विवरण दें; (ख) क्या उपरोक्त विधानसभा क्षेत्र में पिछले १० साल में सरकार द्वारा नए स्कूल या कमरे बताएं गए हैं; (ग) यदि हाँ तो उनकी लागत सहित विस्तृत ब्यौरा दें; (घ) उपरोक्त विधानसभा क्षेत्र में दिल्ली सरकार स्कूलों में कितने खली पद हैं , इनका ब्यौरा दिया जाए; (ड.) उपरोक्त विधानसभा क्षेत्र में सरकारी स्कूलों के समस्त प्रधानाचार्यों के नाम और मोबाइल नंबर सहित पूर्ण विवरण उपलब्ध कराया जाए; (च) पिछले 2013 से 2025 तक कक्षा 9वीं , 10वीं और 12वीं में ड्राप ऑउट बच्चो की संख्यां कितनी रहीं हैं , वर्षवार पूर्ण विवरण दें; और (छ) मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र में कितने सीएम श्री स्कूल हैं, तथा क्या भविष्य में और भी सीएम श्री स्कूल बनाने की दिल्ली सरकार की योजना हैं?

----

## लाडपुर गाँव में निर्मित नवीन विद्यालय भवन में DIET/ITI की स्थापना एवं क्षेत्रीय विद्यार्थियों के प्रशिक्षण संबंधी योजना के संबंध में जानकारी हेतु।

53 **Mr. Gajender Drall (Mundka):**

**Education** क्या माननीय शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः (क) लाडपुर गांव में स्थित विद्यालय भवन में DIET (District Institute of Education and Training) अथवा आईटीआई (ITI – Industrial Training Institute) की स्थापना की जा सकती है; (ख) क्या सरकार द्वारा लाडपुर में DIET अथवा ITI स्थापित करने हेतु कोई योजना प्रस्तावित है; और
(ग) यदि नहीं, तो भविष्य में इस दिशा में क्या ठोस कदम उठाए जाने का प्रस्ताव है?

----

## Education

**54** **Sh. Prem Chauhan (Deoli):**

**Education** क्या माननीय शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि: (क) दिल्ली स्कूल शिक्षा (शुल्क निर्धारण एवं विनियमन में पारदर्शिता) अधिनियम, 2025 के प्रारूप (Drafting) से लेकर उसकी अधिसूचना (Notification) तक की पूरा कालानुक्रमिक विवरण (Timeline) एवं प्रशासनिक प्रक्रिया क्या रही; (ख) क्या इस अधिनियम के संबंध में कानूनी राय (Legal Opinion) प्राप्त की गई थी; (ग) यदि हाँ, तो कृपया सभी प्राप्त कानूनी रायों की पूरी सूची एवं उनकी सत्यापित प्रतियाँ उपलब्ध करायें जिन्हें निम्न श्रेणियों में स्पष्ट रूप से विभाजित किया जाए - दिल्ली सरकार (GNCTD) के विधि विभाग द्वारा दी गई आधिकारिक कानूनी राय, सरकार के नियमित स्टैंडिंग काउंसल के अतिरिक्त बाहरी कानूनी विशेषज्ञों / वरिष्ठ अधिवक्ताओं / निजी लॉ फर्मों से प्राप्त स्वतंत्र कानूनी राय; (ग) जिन मामलों में विधि विभाग के अतिरिक्त बाहरी कानूनी विशेषज्ञों से राय ली गई, वहाँ कृपया यह स्पष्ट किया जाए, परामर्श लिए गए व्यक्तिगत कानूनी विशेषज्ञों / लॉ फर्मों के नाम;

(घ) इस विशिष्ट अधिनियम के संबंध में बाहरी कानूनी राय प्राप्त करने हेतु उन्हें कुल कितना पेशेवर शुल्क / मानदेय भुगतान किया गया;

(ड) सरकार के आंतरिक विधि विभाग पर निर्भर रहने के बजाय बाहरी कानूनी विशेषज्ञों से राय लेने का औचित्य एवं कारण क्या थे;

(च) शिक्षा विभाग की सभी संबंधित फाइलों की नोटिंग एवं पत्राचार, विशेष रूप से प्रारूप तैयार करते समय सचिव (शिक्षा) एवं प्रभारी मंत्री द्वारा की गई टिप्पणियाँ;

(छ) क्या किसी आंतरिक अथवा बाहरी कानूनी राय में यह इंगित किया गया था कि यह अधिनियम दिल्ली स्कूल शिक्षा अधिनियम एवं नियम, 1973 (DSEAR) के साथ किसी प्रकार के टकराव (Conflict) की स्थिति उत्पन्न कर सकता है; (ज) यदि हाँ, तो ऐसे टकरावों को अंतिम प्रारूप में किस प्रकार सुलझाया गया, इसका विवरण दिया जाए; (झ) क्या इस अधिनियम के अंतर्गत फीस नियंत्रण (Fee-Capping) व्यवस्था को लागू करने के संबंध में विधि विभाग अथवा वित्त विभाग द्वारा कोई असहमति नोट / चेतावनी (Dissent Notes / Points of Caution) दर्ज की गई थी; (ण) यदि हाँ, तो उनके विवरण एवं प्रतियाँ सदन में रखी जाएँ; और (ट) इस विशिष्ट अधिनियम से संबंधित सभी फाइलों में उपलब्ध संपूर्ण फाइल नोटिंग एवं पत्राचार की प्रतियाँ उपलब्ध करायें?

----

## दिल्ली सरकार अनुसंधान क्षमताओं को बढ़ाने और उभरती प्रौद्योगिकियों और नवाचारों

**55** **Mr. Karnail Singh (Shakur Basti):**

**Higher Education** क्या माननीय उच्च शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) दिल्ली सरकार अनुसंधान क्षमताओं को बढ़ाने और उभरती प्रौद्योगिकियों और नवाचारों को शामिल करने जैसी अंतरराष्ट्रीय मानकों को पूरा करने के लिए वैश्विक स्तर पर अग्रणी विश्वविद्यालयों के साथ अंतरराष्ट्रीय सहयोग और छात्र विनिमय कार्यक्रम जैसी क्या पहल कर रही है; (ख) क्या यह सत्य है कि शकूरबस्ती विधानसभा स्थित केशव महाविद्यालय कॉलेज रानी बाग की बिल्डिंग दयनीय स्थिति में है; और (ग) यदि हां, तो उसको ठीक करने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है, और इस कार्य को कब तक कर दिया जाएगा?

----

## किरारी विधानसभा की लगभग 90% गरीब आबादी एवं 8—9 लाख जनसंख्या के बावजूद क्षेत्र में एक भी सरकारी ITI / पॉलिटेक्निक / मल्टी-स्किल ट्रेनिंग सेंटर स्थापित न होने का कारण

**56 Mr. Anil Jha (Kirari):**

**Training & Technical Education** क्या माननीय तकनीकी शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः (क) क्या सरकार को यह जानकारी है कि दिल्ली की सबसे अधिक जनसंख्या वाली विधानसभा क्षेत्रों में से एक, किराड़ी विधानसभा (लगभग 8—9 लाख आबादी) में प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत आज तक एक भी सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (ITI), पॉलिटेक्निक कॉलेज, स्किल डेवलपमेंट सेंटर अथवा मल्टी-स्किल ट्रेनिंग सेंटर स्थापित नहीं किया गया है; (ख) क्या यह भी सत्य है कि किराड़ी विधानसभा क्षेत्र की लगभग 90 प्रतिशत जनसंख्या आर्थिक रूप से कमजोर, श्रमिक, दिहाड़ी मजदूर, प्रवासी एवं असंगठित क्षेत्र से जुड़ी हुई है, जिनके बच्चों एवं युवाओं के लिए तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा ही रोजगार प्राप्ति का प्रमुख साधन हो सकता है; (ग) क्या यह भी सत्य है कि स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षण संस्थानों के अभाव के कारण किराड़ी क्षेत्र के हजारों युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु दूर-दराज़ के क्षेत्रों में जाना पड़ता है, जिससे पढ़ाई छोड़ने (Dropout), बेरोज़गारी एवं सामाजिक समस्याओं में वृद्धि हो रही है; (घ) क्या यह सत्य है कि किराड़ी विधानसभा क्षेत्र में एक नया सरकारी ITI / पॉलिटेक्निक / मल्टी-स्किल ट्रेनिंग सेंटर स्थापित करने की आवश्यकता का विभागीय स्तर पर कोई सर्वेक्षण, आकलन अथवा प्रस्ताव तैयार किया गया है; (ङ) यदि हां, तो उसकी वर्तमान स्थिति क्या है तथा उसमें भूमि की उपलब्धता, अनुमानित लागत, प्रस्तावित ट्रेड्स, सीटों की संख्या एवं संभावित लाभार्थियों का विवरण क्या है; (च) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और सरकार किराड़ी विधानसभा जैसे आर्थिक रूप से कमजोर क्षेत्र में तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु कब तक ठोस कार्ययोजना, बजटीय प्रावधान एवं समय-सीमा निर्धारित करेगी; और (छ) भविष्य में किराड़ी क्षेत्र के युवाओं, विशेषकर गरीब, महिला, दिव्यांग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के लिए कौशल प्रशिक्षण, अप्रेंटिसशिप एवं प्लेसमेंट से जुड़ी कौन-कौन सी योजनाएँ लागू की जाएँगी?

----

## ITI VIVEK VIHAR AND DESU COMLEX RELATED AND OTHER

**57 Sh. Sanjay Goyal (Shahdara):**

**Training & Technical Education** क्या माननीय तकनीकी शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि: (क) दिल्ली में वर्तमान में कुल कितने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (ITI) संचालित हो रहे हैं, प्रत्येक ITI में पिछले 10 वर्षों में कुल छात्रों की संख्या का वर्षवार विवरण प्रदान करें। विशेषकर शाहदरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ITI संस्थानों में प्रवेशित छात्रों की संख्या का पिछले 10 वर्षों का वर्षवार विवरण दिया जाए छात्रों का कोर्सवार / ट्रेडवार / लिंगवार विवरण भी प्रदान किया जाए;

(ख) क्या सरकार यह बताने की कृपा करेगी कि दिल्ली के प्रत्येक ITI में कितनी प्रायोगिक प्रयोगशालाएं (Workshop's) संचालित हैं; (ग) शाहदरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ITI संस्थानों में कुल कितनी वर्कशॉप हैं पिछले 10 वर्षों का वर्षवार एवं संस्थानवार विवरण दिया जाए; (घ) पिछले 10 वर्षों में शाहदरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत संचालित ITI को कितनी धनराशि दी गई, यह फंड किस मद में व्यय हुआ वर्षवार, मदवार एवं संस्थानवार विवरण दें इन ITI में वर्तमान में कितने शिक्षक, प्रशिक्षक (Trainers), कर्मचारी कार्यरत हैं इनकी संख्या का पिछले 10 वर्षों का वर्षवार विवरण प्रस्तुत किया जाए; (ङ.) Delhi Skill and Entrepreneurship University (DSEU) के अंतर्गत दिल्ली में कुल कितने परिसरों (Campuses) की स्थापना की गई है, प्रत्येक परिसर का पूरा पता एवं स्थापना वर्ष सहित विवरण दें तथा इन परिसरों में पिछले 10 वर्षों में कुल छात्रों का नामांकन कितनी संख्या में हुआ कैंपसवार एवं वर्षवार विवरण दें; (च) DSEU में वर्तमान में कौन कौन से पाठ्यक्रम / कोर्स संचालित हो रहे हैं, प्रत्येक कोर्स की फीस संरचना क्या है तथा इन कोर्सों को पढ़ाने वाले फैकल्टी / शिक्षक / प्रशिक्षकों की संख्या क्या है पाठ्यक्रमवार एवं वर्षवार विवरण दें; (छ) DSEU के अंतर्गत स्थापित परिसरों की संख्या दिल्ली की जनसंख्या / क्षेत्रफल / आवश्यकता के अनुपात में कितनी होनी चाहिए थी तथा क्या सरकार भविष्य में और परिसर खोलने की योजना बना रही है; और (ज) DSEU से पास आउट हुए छात्रों में से पिछले 5 वर्षों में कितने छात्रों को रोजगार (Placement) प्राप्त हुआ वर्षवार, कोर्सवार एवं कंपनी/नियोजक के नाम सहित विवरण दें तथा कितने छात्रों को दिल्ली में रोजगार मिला और कितने अन्य राज्यों या विदेश में नियोजित हुए?

----

## PWD विभाग के कार्यों से सम्बंधित

**58 Sh. Jarnail Singh (Tilak Nagar):**

**Public Works Department** क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि: (क) क्या लोक निर्माण विभाग (PWD) द्वारा दिल्ली में प्रदूषण के स्तर को कम करने के उद्देश्य से ANTI SMOG GUN MACHINE की तैनाती की जाती है; (ख) यदि हाँ, तो पिछले तीन वर्षों में मशीनों की आपूर्ति एवं संचालन से संबंधित जारी किए गए सभी टेंडरों का वर्ष-वार विवरण दिया जाए तथा प्रत्येक वर्ष तैनात की गई मशीनों की संख्या एवं

उनकी कार्य अवधि का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया जाए; (ग) यह भी बताया जाए कि वर्ष 2025—26 में मशीनों की संख्या को कम करने का क्या कारण है तथा इस संबंध में विभाग द्वारा क्या आकलन किया गया है, इसका विस्तृत विवरण दिया जाए; (घ) यह भी स्पष्ट किया जाए कि मशीनों का संचालन पूर्ण क्षमता के साथ सुनिश्चित करने के लिए कौन-कौन से अधिकारी उत्तरदायी हैं तथा उनके दायित्वों का विवरण दिया जाए; (ड़) क्या विभाग को बिना स्प्रिंकलर के चल रही गाड़ियों के संबंध में कोई शिकायतें प्राप्त हुई हैं; (च) यदि हाँ, तो पिछले तीन वर्षों में प्राप्त शिकायतों की संख्या, उनके निस्तारण की स्थिति तथा की गई कार्यवाही का विस्तृत विवरण दिया जाए; और (छ) तिलक नगर विधानसभा क्षेत्र में PWD Horticulture, PWD Civil तथा PWD Electrical विभागों द्वारा पिछले पाँच वर्षों में कराए गए सभी कार्यों का वर्ष-वार एवं कार्य-वार विस्तृत विवरण दिया जाए ?

----

## नांगलोई रेलवे फाटक से लेकर किरारी विधानसभा के 12 c रेलवे फाटक तक रेलवे अन्डर पास का निर्माण मे देरी

59 **Mr. Anil Jha (Kirari):**

**Public Works Department** क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः (क) क्या सरकार को यह जानकारी है कि नांगलोई रेलवे फाटक से लेकर किराड़ी विधानसभा के 12-C रेलवे फाटक तक प्रस्तावित अंडरपास के निर्माण कार्य में लंबे समय से लगातार देरी हो रही है; जिससे क्षेत्र में भारी यातायात जाम, दुर्घटनाओं की आशंका तथा आम जनता को गंभीर असुविधा का सामना करना पड़ रहा है; (ख) क्या यह भी सत्य है कि उक्त अंडरपास परियोजना के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी दिनांक 25.06.2025 को संबंधित विभाग से लोक निर्माण विभाग (PWD) को हस्तांतरित (ट्रांसफर) कर दी गई थी; (ग) यदि हाँ, तो हस्तांतरण के उपरांत अब तक PWD द्वारा क्या-क्या कार्रवाई की गई है; (घ) यदि परियोजना का दायित्व PWD को सौंपे जाने के बावजूद अब तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, तो इसके लिए कौन-कौन से प्रशासनिक, तकनीकी अथवा वित्तीय कारण उत्तरदायी हैं; (ड़) सरकार द्वारा अंडरपास के निर्माण कार्य को प्रारंभ करने एवं पूर्ण करने की स्पष्ट समय-सीमा क्या निर्धारित की गई है; और (च) इस परियोजना में हो रही अनावश्यक देरी के लिए कौन-सा विभाग एवं कौन अधिकारी जिम्मेदार हैं तथा उनके विरुद्ध क्या जवाबदेही/दंडात्मक कार्रवाई प्रस्तावित है?

----

## PWD dept

60 **Sh. Neeraj Basoya (Kasturba Nagar):**

**Public Works Department** क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः (क) कस्तूरबा नगर विधानसभा क्षेत्र में विगत तीन वर्षों (2022—23, 2023—24 एवं 2024—25) के दौरान, कितने सड़क निर्माण/पुनर्निर्माण कार्य पूर्ण किए गए हैं, कितने

कार्य वर्तमान में प्रगति पर हैं, तथा कितने नए सड़क कार्य प्रारंभ किए जाने प्रस्तावित हैं; (ख) उपर्युक्त प्रत्येक श्रेणी के अंतर्गत कार्यों का विवरण, उनकी लागत, लंबाई तथा संबंधित सड़कों के नाम क्या हैं; (ग) मानसून के दौरान सड़कों के शीघ्र क्षतिग्रस्त होने की समस्या को देखते हुए, विभाग द्वारा सड़क गुणवत्ता में सुधार हेतु कौन-कौन से नए तकनीकी नवाचार, सामग्री अथवा डिजाइन अपनाए जा रहे हैं; (घ) क्या कस्तूरबा नगर विधानसभा क्षेत्र में विशेष रूप से जलभराव-प्रभावित सड़कों के लिए कोई अतिरिक्त या पायलट परियोजना प्रस्तावित है; और (ड.) यदि हाँ, तो उसका विवरण क्या है?

----

## सीमापुरी के मुख्य मार्गो पर फ्लावर ओवर, अंडरपास व फुट ओवर ब्रिज के संबंध में

61 **Sh. Veer Singh Dhingan (Seema Puri):**

**Public Works Department** क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि: (क) क्या यह सत्य है कि सरकार द्वारा माननीय सदस्यों से उनके क्षेत्र के मुख्य मार्गों पर फ्लाईओवर अंडरपास फुट-ओवर ब्रिज बनाने के सुझाव मांगे गए थे; (ख) यदि हां, तो कब मांगे गए थे; (ग) क्या यह भी सत्य है कि सीमापुरी विधानसभा में भी सरकार के पास कुछ फ्लावर ओवर, अंडरपास व फुट ओवर ब्रिज बनाने के कुछ सुझाव दिए गए थे; तथा (घ) यदि हां तो सरकार को कहां-कहां तथा कुल कितने सुझाव प्राप्त हुए; (ड.) क्या यह भी सत्य है कि सरकार इन सुझावों पर कार्य करने पर कोई विचार कर रही है; और (च) यदि हां तो सीमापुरी में इन कार्यों को कब तक पूरा किया जाएगा?

----

## सीमापुरी के नालो की समस्यओं के संंबंंध में

62 **Sh. Veer Singh Dhingan (Seema Puri):**

**Public Works Department** क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि: (क) क्या यह सत्य है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा सीमापुरी विधानसभा में गंदे पानी की निकासी के लिए नए नालों का निर्माण कराया जाएगा;

(ख) यदि हां तो कुल कितने नालों का निर्माण या पुनः निर्माण कहां-कहां और कब तक कराया जाएगा; (ग) क्या यह सत्य है कि गांव ताहीरपुर में गंदे व बरसात के पानी की पर्याप्त निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है; (घ) यदि हां तो उक्त गांव के गंदे व बरसात के पानी की निकासी की व्यवस्था के लिए विभाग द्वारा क्या-क्या कदम उठाए गए हैं; (ङ) क्या यह भी सत्य है कि गांव ताहीरपुर वह राजीव गांधी अस्पताल की जल निकासी की कोई एस्टीमेट प्रस्ताव क्षेत्रिय अधिकारियों द्वारा बनाए गए थे; और (च) यदि हां तो यह अनुमान कहां पर लंबित है इस कार्य को कब तक पूरा किया जाएगा ताकि गंदे व बरसात के पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था हो सके, विस्तृत जानकारी दी जाए ?

----

## सी.सी.टी.वी. कैमरे

63 **Mr. Karnail Singh (Shakur Basti):**

**Public Works Department** क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः (क) प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कितने सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाने का प्रावधान है; (ख) शकूरबस्ती विधानसभा क्षेत्र सहित किस-किस विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कितने-कितने सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाये गये हैं; और (ग) शकूरबस्ती विधानसभा क्षेत्र में शेष सी.सी.टी.वी. कैमरे कब तक लगा दिये जायेंगे ?

----

## घोंडा विधानसभा के PWD के विभाग Civil, E&M and Horticulture के संदर्भ में।

64 **Sh. Ajay Kumar Mahawar (Ghonda):**

**Public Works Department** क्या लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः (क) घोंडा विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग (PWD) के अंतर्गत आने वाली सड़कों - गामड़ी रोड, डिवाइडिंग रोड, सी-1 से सी-4 यमुना विहार रोड तथा घोंडा चैक से ब्रह्मपुरी गली नं. 1 रोड पर स्थित नालों की अंतिम बार कब सफाई/डी-सिल्टिंग (Desilting) कराई गई थी, उक्त कार्य के अंतर्गत कुल कितनी मात्रा में गाद/शिल्ट निकाली गई सड़क-वार पूर्ण विवरण दें;

(ख) यमुना विहार सर्विस रोड और सी-1 से सी-4 ब्लॉक यमुना विहार एवं डिवाईडिंग रोड़ यमुना विहार के साथ बने नाले, फुटपाथ एवं सड़क का निर्माण कब किया गया था; (ग) इनके पुनर्निर्माण/मरम्मत हेतु क्या कोई प्रस्ताव स्वीकृत है; (घ) यदि हाँ, तो कार्य प्रारंभ किए जाने की संभावित तिथि एवं समय-सीमा क्या है; (ङ) घोंडा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत स्थित पम्प हाउस-(डिवाइडिंग रोड यमुना विहार, भगत सिंह पार्क यमुना विहार, सी-5 यमुना विहार, वजीराबाद रोड भजनपुरा, तथा गामड़ी पाँचवाँ पुस्ता) में प्रत्येक पम्प हाउस पर स्थापित मोटरों की क्षमता (HP/MLD) कितनी है, इनमें से कितनी मोटरें वर्तमान में कार्यरत हैं और कितनी अकार्यरत हैं, पम्प हाउसवार सूची प्रदान करें; (च) इनकी क्षमता बढ़ाने अथवा नई मोटरें स्थापित करने की क्या कोई योजना प्रस्तावित है; (छ) घोंडा विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आने वाली सड़कों पर वर्तमान में कुल कितनी स्ट्रीट लाइटें एवं विद्युत खंभे स्थापित हैं तथा नई स्ट्रीट लाइटें एवं खंभे लगाने अथवा खराब लाइटों को बदलने हेतु क्या कोई प्रावधान/योजना स्वीकृत या प्रस्तावित है;

(ज) घोंडा विधानसभा क्षेत्र में उद्यान विभाग के अंतर्गत वर्तमान में कुल कितने कर्मचारी कार्यरत हैं, पदवार एवं क्षेत्रवार सूची उपलब्ध कराने की कृपा करें; और (झ) विभाग के पास उपलब्ध पेड़ छंटाई (Tree Pruning) से संबंधित उपकरणों एवं संसाधनों का विस्तृत विवरण भी प्रदान किया जाए ?

----

## पेड़ों की छटाई पीडब्ल्यूडी की सड़कों पर

65 **Sh. Neeraj Basoya (Kasturba Nagar):**

**Public Works Department** क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि: (क) कस्तूरबा नगर विधानसभा क्षेत्र में पीडब्ल्यूडी सड़कों पर वृक्षों की छंटाई/कटाई हेतु पिछले तीन वर्षों 2023-2024 और 2024-2025 में कोई ठेका आवंटित किया गया है; (ख) यदि हाँ, तो संबंधित ठेके का विवरण-आवंटन तिथि, ठेका राशि, कार्य अवधि तथा कार्य अनुसूची क्या है; (ग) उक्त कार्य की निगरानी हेतु विभाग द्वारा क्या व्यवस्था की गई है तथा छंटाई के दौरान काटी गई शाखाओं/पत्तियों का निस्तारण कहाँ किया जाता है व क्या इसके लिए कोई निर्धारित डंपिंग साइट है; (घ) क्या इस कार्य के लिये संबंधित ठेकेदार के पास आवश्यक मशीनरी एवं पर्याप्त श्रमबल उपलब्ध है; (ड) यदि हाँ, तो क्या उक्त श्रमिकों का पंजीकरण दिल्ली सरकार के श्रम विभाग में किया गया है तथा क्या उन्हें दिल्ली सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी का भुगतान किया जा रहा है; और (च) उक्त ठेके के अंतर्गत कार्यरत श्रमिकों की संख्या एवं उनका विवरण क्या है?

----

## मटियाला क्षेत्र में PWD द्वारा ड्रेन सफाई, मरम्मत एवं प्रदूषण नियंत्रण के संबंध में

66 **Sh. Sandeep Sehrawat (Matiala):**

**Public Works Department** क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मटियाला विधानसभा क्षेत्र में पिछले पाँच वर्षों के दौरान लोक निर्माण विभाग (PWD) के Civil एवं Horticulture Department द्वारा कौन-कौन से कार्य कराए गए हैं, वर्षवार, कार्यवार एवं व्यय राशि सहित विवरण उपलब्ध कराया जाए; (ख) क्या यह सत्य है कि मटियाला विधानसभा क्षेत्र में दीनपुर गोयला रोड ड्रेन का पानी वाटर बॉडी में छोड़ा जा रहा है; (ग) यदि हाँ, तो इसे रोकने एवं जल प्रदूषण से बचाव हेतु विभाग द्वारा क्या ठोस योजना बनाई गई है; (घ) मटियाला विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग द्वारा आगामी दिनों में किन-किन ड्रेनों की मरम्मत, सफाई अथवा सुधार कार्य किए जाने का प्रस्ताव है, कृपया संबंधित स्थानों का विवरण दें; (ड) क्या यह सत्य है कि मटियाला विधानसभा क्षेत्र में नजफगढ़ रोड में उत्तम नगर से साई बाबा मंदिर नजफगढ़ तक स्थित ड्रेन की स्थिति अत्यंत खराब है; और (च) यदि हाँ, तो उक्त ड्रेन की मरम्मत एवं स्थायी समाधान हेतु विभाग द्वारा क्या कार्ययोजना प्रस्तावित है और कार्य कब तक पूर्ण किया जाएगा?

----

## Planning

67 **Sh. Kailash Gangwal (Madipur):**

**Public Works Department** क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि: (क) दिल्ली में नांगलोई से सुलतान पुरी को जोड़ने वाले पुल के अधूरा रहने व इसे पूरा नहीं किये जाने के क्या कारण हैं; (ख) पुल में सामने बनी कुछ पुरानी इमारतों के कारण पुल पर जाना मुश्किल हो गया है इसे कब तक ठीक किया जा सकेगा; और (ग)

क्या इसमें ठेकेदार की देरी है या अन्य कोई कारण, स्पष्ट किया जाए?

----

## साकेत–महरौली एम.बी. रोड पर अतिक्रमण, सड़क चौड़ीकरण एवं गड्ढों के कारण दुर्घटनाओं के संबंध में।

68 **Sh. Chandan Kumar Choudhary (Sangam Vihar):**

**Public Works Department** क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि: (क) यह सत्य है कि मेरी विधानसभा संगम विहार से होकर गुजरने वाली रविदास मार्ग से ओखला रोड, जिस पर मेट्रो रेल सेवा भी संचालित है, पर भारी अतिक्रमण होने के कारण सड़क संकरी हो गई है; (ख) क्या उक्त सड़क को अतिक्रमण मुक्त कर चौड़ा किए जाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; (ग) यदि हाँ, तो उसकी वर्तमान स्थिति क्या है; (घ) क्या यह सत्य है कि संगम विहार विधानसभा की अधिकांश सड़कों की स्थिति अत्यंत खराब है तथा सड़कों पर गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटनाएँ हो रही हैं, जिससे जान-माल की हानि हो रही है; और (ड़ ) यदि हाँ, तो इन सड़कों की मरम्मत एवं पुनर्निर्माण हेतु सरकार द्वारा क्या कार्ययोजना बनाई गई है तथा इसे कब तक पूरा किए जाने का लक्ष्य है?

----

## लोक निर्माण

69 **Sh. Satish Upadhyay (Malviya Nagar):**

**Public Works Department** क्या माननीय लोक निर्माण विभाग मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि:

क) लोक निर्माण विभाग द्वारा चिह्नित, मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र के जल भराव स्थलों की सूची प्रदान करें;

ख) मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग के अधिकार क्षेत्र वाले कुल कितने क्षेत्र पर अतिक्रमण अथवा अनधिकृत कब्जा है;

ग) मालवीय नगर विधानसभ क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग के अधिकार क्षेत्र वाली अतिक्रमित गलियों और फुटपाथों की Location Wise संख्या बताएं;

घ) मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पुराने, क्षतिग्रस्त व अपठनीय संकेत बोर्डों के संबंध में क्या कोई सर्वेक्षण किया गया है और ऐसे संकेत बोर्डों को बदलने अथवा सुधारने के लिए क्या समय सीमा निर्धारित की गई है;

घ) लोक निर्माण विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर लगाए जाने वाले सीसीटीवी कैमरों के लिए क्या कोई केंद्रीकृत अभिगम नियंत्रण व्यवस्था बनाई गई है;

ङ) नए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने हेतु स्वीकृति (approval), अभिगम अधिकार (authorization) एवं डेटा-सुरक्षा (data security) सहित मानक परिचालनीय प्रक्रिया (एसओपी) क्या है ; और

च) पहले लगाए गए सीसीटीपी कैमरों की वर्तमान परिचालनीय स्थिति क्या है, उनमें से

कितने चल रहे हैं और कितने बंद है तथा क्या वे सक्रिय रूप से रिकॉर्डिंग कर रहे हैं या बंद हैं?

----

## दिल्ली में सीसीटीवी कैमरों की वर्तमान स्थिति, बंद कैमरों की संख्या, रख-रखाव और रिकॉर्डिंग प्रक्रिया के संबंध में जानकारी का अनुरोध

70 **Mr. Sanjeev Jha (Burari):**

**Public Works Department** क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सत्य है कि दिल्ली के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों/इलाकों में पूर्व में लगाए गए बड़ी संख्या में सीसीटीवी कैमरे वर्तमान में बंद पड़े हैं तथा उनकी नियमित देखरेख और मेंटेनेंस नहीं की जा रही है; (ख) क्या यह सही है कि सीसीटीवी कैमरों के बंद पड़े रहने का मुख्य कारण सरकार द्वारा उनके रख-रखाव (मेंटेनेंस) हेतु आवश्यक बजट समय पर जारी न किया जाना है; (ग) दिल्ली में बंद पड़े सीसीटीवी कैमरों की विधानसभा क्षेत्र/जोनवार संख्या, उनकी लोकेशन, स्थापना वर्ष, संबंधित एजेंसी तथा वर्तमान स्थिति की विस्तृत सूची प्रदान करें; (घ) भविष्य में दिल्ली के सभी सीसीटीवी कैमरों को नियमित रूप से कार्यशील बनाए रखने, उनके समयबद्ध रख-रखाव और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु विभाग द्वारा क्या कोई ठोस, चरणबद्ध एवं समयबद्ध कार्य योजना तैयार की गई है; (ड) यदि हाँ, तो उसका विवरण दिया जाए; (च) जो सीसीटीवी कैमरे वर्तमान में कार्यशील हैं, उनकी रिकॉर्डिंग यदि कोई नागरिक या सक्षम अधिकारी देखना चाहे तो उसकी निर्धारित प्रक्रिया क्या है; (छ) क्या इसके लिए कोई नियम, दिशा-निर्देश या आवेदन प्रक्रिया तय है; और (ज) रिकॉर्डिंग देखने/प्राप्त करने की अनुमति किस विभाग या प्राधिकरण द्वा प्रदान की जाती है?

----

## कोंडली पूल पर बन रहे स्लीप ब्रिज की शुरुआत कब की गई व उसकी काम पूरा होने का समय कब तक था

71 **Sh. Kuldeep Kumar (Kondli):**

**Public Works Department** क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि: (क) कोंडली पूल पर बन रहे स्लीप ब्रिज की शुरुआत कब की गई व उसकी काम पूरा होने का समय कब तक था;

(ख) अभी तक इस का कार्य कितने प्रतिशत पूर्ण हुआ है;

(ग) यदि समय अवधि पर इसका कार्य पूर्ण नहीं हुआ तो उसके क्या कारण है और पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा उस पर क्या करवाही की गई उसकी विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराए ; और

(घ) यदि समय पर पूर्ण नहीं हुआ है तो इस कार्य को पूर्ण करने की समय सीमा अवधि

क्या है?

----

## कृष्णा नगर विधानसभा क्षेत्र की PWD सड़कों पर रखे गए कूड़ेदानों और 'मेट्रो वेस्ट कंपनी' के प्रबंधन के संबंध में।

72 **Dr. Anil Goyal (Krishna Nagar):**

**Public Works Department** क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि: (क) क्या यह सत्य है कि कृष्णा नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली PWD की मुख्य सड़कों जैसे परवाना रोड, मास्टर प्लान रोड और रोड नंबर 57 पर MCD द्वारा बड़े-बड़े डस्टबिन (कूड़ेदान) रखे गए हैं; (ख) क्या इन डस्टबिनों को रखने के लिए कूड़ा एकत्र करने वाली एजेंसी 'मेट्रो वेस्ट कंपनी' या MCD ने PWD विभाग से NOC प्राप्त किया है; (ग) यदि हाँ, तो यह अनुमति कब दी गई और वर्तमान में इन सड़कों पर ऐसे कुल कितने डस्टबिन रखे गए हैं; (घ) इन डस्टबिनों के रखरखाव और इनमें जमा होने वाले कूड़े को Collect करने की निर्धारित प्रक्रिया क्या है; (ड.) क्या 'मेट्रो वेस्ट कंपनी' के साथ हुए MoU के अनुसार यह उनकी जिम्मेदारी है कि कूड़ा डस्टबिन से बाहर सड़क पर न फैले; (च) यदि हाँ तो विवरण दे और 'मेट्रो वेस्ट कंपनी' द्वारा सड़क पर रखे डस्टबिन से कूड़ा न उठाने,कूड़ा सड़क पर गिरने पर क्या कोई कार्यवाही की जाती है तो उसका विवरण दे; (छ) क्या यह सत्य है कि इन स्थानों पर अक्सर कूड़ा सड़क पर फैला रहता है; और (ज) यदि हाँ, तो MoU के नियमों के उल्लंघन के लिए अभी तक 'मेट्रो वेस्ट कंपनी' पर कितनी बार जुर्माना लगाया गया है, पूर्ण विवरण प्रदान करें?

----

## कृष्णा नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत PWD की सड़कों पर व्याप्त अतिक्रमण और अवैध पार्किंग के संबंध में।

73 **Dr. Anil Goyal (Krishna Nagar):**

**Public Works Department** क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि: (क) क्या यह सत्य है कि कृष्णा नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली PWD की सड़कों पर बड़े पैमाने पर अतिक्रमण और अवैध पार्किंग की समस्या बनी हुई है; (ख) यदि हाँ, तो विभाग द्वारा चिन्हित किए गए कुल अतिक्रमण का विवरण क्या है; (ग) पिछले दो वर्षों में इन सड़कों से अतिक्रमण और अवैध पार्किंग हटाने के लिए विभाग द्वारा कब-कब और क्या-क्या कार्यवाही की गई हैं, तिथिवार और स्थान का विवरण प्रदान करें; (घ) क्या यह सत्य है कि विभाग द्वारा कार्रवाई किए जाने के कुछ समय बाद ही इन सड़कों पर पुनः अवैध पार्किंग और अतिक्रमण हो जाता है; (ड.) क्या विभाग पिछली कार्रवाइयों को 'सफल' मानता है; (च) यदि नहीं, तो इस विफलता के मुख्य कारण क्या

हैं; (छ) क्या लोक निर्माण विभाग कृष्णा नगर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त रखने के लिए कोई 'फुलप्रूफ योजना' बना रहा है; (ज) क्या भविष्य में इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए Special Task Force, ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम Revenue Department के साथ मिलकर किसी Joint Monitoring Mechanism को लागू करने का प्रस्ताव है; और (झ) यदि हाँ, तो इसका विवरण क्या है?

----

**PWD विभाग से प्रश्न (वज़ीरपुर विधानसभा – सड़कों, CCTV और जन-सुरक्षा से संबंधित)**

**74 Mrs. Poonam Sharma (Wazirpur):**

**Public Works Department** क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि: (क) वज़ीरपुर विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख सड़कों का निर्माण किस वर्ष किया गया था; (ख) क्या यह सत्य है कि इनमें से कई सड़कों का पिछले 15 वर्षों से पुनर्निर्माण नहीं हुआ, जिसके कारण आए दिन गड्ढे, जलभराव और दुर्घटनाओं की स्थिति बन रही है; (ग) PWD के निर्धारित मानकों के अनुसार किसी सड़क की औसत आयु कितनी होती है, कितने वर्षों के बाद उसका पुनर्निर्माण आवश्यक माना जाता है, तथा वज़ीरपुर क्षेत्र की कितनी सड़कें इस अवधि को पार कर चुकी हैं; (घ) वर्ष 2024–25 और 2025–26 के दौरान वज़ीरपुर विधानसभा क्षेत्र की सड़कों के रखरखाव, मरम्मत और पुनर्निर्माण के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई, कितनी राशि वास्तव में खर्च हुई, और किन-किन सड़कों पर कार्य कराया गया; (ड.) वर्तमान में वज़ीरपुर क्षेत्र की कितनी सड़कें ऐसी हैं जो जर्जर हालत में हैं या मरम्मत की प्रतीक्षा में लंबित हैं, इन सड़कों का कार्य कब तक पूरा किए जाने का लक्ष्य विभाग द्वारा तय किया गया है; (च) क्या यह सत्य है कि वज़ीरपुर क्षेत्र में लगाए गए कई CCTV कैमरे या तो खराब हैं या लंबे समय से निष्क्रिय पड़े हैं, जिससे आम नागरिकों की सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था प्रभावित हो रही है; (छ) PWD द्वारा क्षेत्र में कुल कितने CCTV कैमरे लगाए गए हैं, इनमें से वर्तमान में कितने संचालित स्थिति में हैं, तथा इनके नियमित निरीक्षण, मरम्मत और निगरानी की क्या व्यवस्था है; और (ज) सड़कों और CCTV व्यवस्था के रखरखाव के लिए जिम्मेदार अधिकारियों एवं ठेकेदारों की जवाबदेही कैसे तय की जाती है, और क्या लापरवाही या घटिया कार्य पाए जाने पर किसी अधिकारी या ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई की गई है?

----

## लोक निर्माण

**75 Mr. Raj Kumar Bhatia (Adarsh Nagar):**

**Public Works Department** क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि:

क) विभिन्न परियोजनाओं से संबंधित विकास कार्यों के लिए किन अतिरिक्त भवन/ विकासात्मक एजेंसियों (Additional Building & Development Agencies),

सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (PSUs) को जोड़ा जाएगा ?

----

**PWD**

**76 Mr. Tilak Ram Gupta (Tri Nagar):**

**Public Works Department** क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः (क) क्या यह सत्य है कि त्रिनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी फुटपाथों, जो बिल्कुल टूट गये हैं, उनके मरम्मत के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा टेण्डर जारी कर दिये गये हैं;

(ख) यदि हाँ, तो उन फुटपाथों के मरम्म्त का कार्य कब से शुरू होगा और कब तक पूरा कर लिया जायेगा;

(ग) त्रिनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आने वाले नाले की सफाई का कार्य लगभग 25 से 30 प्रतिशत तक हुआ है, शेष कार्य को कब तक पूरा कर लिया जायेगा; और

(घ) श्री अग्रसेन फाउंटेन वाटिका के फब्बारे और लाईटें काफी समय से बंद पड़े हैं, उनके फुटपाथ बुरी तरह से टूटे हुए हैं, उन सबकी मरम्मत कब तक करवा दी जायेगी?

----

## सीसीटीवी कैमरों

**77 Sh. Ravinder Singh Negi (Patparganj):**

**Public Works Department** क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सत्य है कि पटपडगंज विधानसभा क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों की संख्या अत्यंत कम है तथा कई कैमरे लंबे समय से खराब पड़े हुए हैं, जिससे सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है; और (ख) यदि हॉ तो इस क्षेत्र में नए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने एवं खराब पड़े कैमरों की मरम्मत/प्रतिस्थापन हेतु क्या प्रावधान किए गए हैं और इसे कब तक पूरा किया जाएगा?

----

## मुंडका विधानसभा क्षेत्र में PWD द्वारा विगत पाँच वर्षों में कराए गए मेंटेनेंस एवं सिविल कार्यों की स्थिति, व्यय एवं उत्तरदायित्व के संबंध में जानकारी हेतु ।

**78 Mr. Gajender Drall (Mundka):**

**Public Works Department** क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले पाँच वर्षों में मुंडका विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग (PWD) द्वारा मेंटेनेंस और सिविल कार्यों के कितने वर्क ऑर्डर जारी किए गए हैं;

(ख) इन कार्यों में से कितने पूरे हो चुके हैं, कितने अभी चल रहे हैं और कितने अब तक शुरू नहीं हुए हैं;
(ग) हर कार्य से जुड़ी जानकारी जैसे—स्वीकृत राशि, कार्य स्थल, ठेकेदार का नाम और कार्य की वर्तमान स्थिति की फोटो उपलब्ध कराई जाए; और
(घ) जिन कार्यों में देरी हुई है, उनके लिए जिम्मेदार अधिकारियों या ठेकेदारों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है?

----

## लोकनिर्माण विभाग

79 **Mr. Ashok Goel (Model Town):**

**Public Works Department** क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र में पीडब्लूडी के अंतर्गत आने वाली कुल कितनी सड़के हैं, उनका पूर्ण विवरण दें;
(ख) उपरोक्त सड़को के रखरखाव के लिए क्या विभाग की कोई योजना हैं;
(ग) यदि हाँ तो उनका पूर्ण विवरण दें;
(घ) क्या पुरानी और ख़राब हो चुकी पीडब्लूडी की सड़को को नई बनाने की कोई योजना विभाग के पास विचाराधीन हैं; और
(ड) यदि हाँ, तो उसका विवरण दें ?

----

## महरौली विधानसभा में अरविंदो मार्ग पर और अहिंसा स्थल के पास फ्लाईओवर या अंडरपास बनाने के संदर्भ में

80 **Sh. Gajender Singh Yadav (Mehrauli):**

**Public Works Department** क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि: (क) क्या यह सत्य है कि महरौली विधानसभा में PWD द्वारा अरविंदो मार्ग पर कभी PTS से फ्लाईओवर ओर अहिंसा स्थल के पास अंडर पास बनाने का प्रस्ताव या योजना बनी थी; (ख) यदि हां तो वह प्रोजेक्ट पूर्ण नहीं होने के क्या कारण हैं; और (ग) भविष्य में यह प्रोजेक्ट कब पूर्ण होगा, इसकी जानकारी उपलब्ध कराए?

----

## सरकारी भूमि पर अनाधिकृत कब्जा

81 **श्री अहीर दीपक चौधरी (बादली):**

**लोक निर्माण विभाग** क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि: (क) क्या यह सत्य है कि बादली विधान सभा में अनेक स्थानों पर सरकारी भूमि पर अनाधिकृत कब्जा है; और (ख) यदि हाँ, तो इसे हटाने हेतु सरकार द्वारा क्या कदम

उठाये गए हैं?

----

## पीडब्ल्यूडी

**82** **Sh. Parduymn Singh Rajput (Dwarka):**

**Public Works Department** क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः (क) द्वारका विधानसभा के अंतर्गत वर्ष 2017 अप्रैल से वर्ष 2024 मार्च तक पीडब्ल्यूडी विभाग ने कौन-कौन से कार्यों का भुगतान किया है; और (ख) किस किस एजेंसी को किस-किस कार्य के लिए कितना-कितना भुगतान किया है एजेंसी का नाम कार्य का विवरण और भुगतान की राशि का विवरण भी उपलब्ध कराया जाए?

----

## साहिबी नदी की सफाई से सम्बंधित

**83** **Sh. Jarnail Singh (Tilak Nagar):**

**Irrigation & Flood Control** क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः (क) क्या विभाग द्वारा नजफगढ़ ड्रेन (साहिबी नदी) को साफ़ सुंदर करने का कार्य चल रहा है; (ख) इस कार्य के अंतर्गत किए जाने वाले अलग-अलग कार्यों की टेंडर सहित विस्तृत जानकारी दी जाए; (ग) यह कार्य कब तक पूरा हो जाएगा, विस्तृत जानकारी दी जाए; (घ) बाढ़ व सिंचाई विभाग द्वारा पिछले 3 वर्षों में तिलक नगर विधानसभा क्षेत्र के अंदर किए गए सभी कार्यों की विस्तृत जानकारी दी जाए; और (ड.) तिलक नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली बाढ़ व सिंचाई विभाग की सभी संपत्तियों की विस्तृत जानकारी दी जाए?

----

## पुराना गाँव गढ़ी मेंडू व उस्मानपुर गाँव और यमुना नदी के बीच बांध के निर्माण के संदर्भ में।

**84** **Sh. Ajay Kumar Mahawar (Ghonda):**

**Irrigation & Flood Control** क्या माननीय सिंचाई एवं बाढ़ मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) घोंडा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पुराना गढ़ी मेंडू एवं उस्मानपुर गाँव, जो यमुना नदी के तट पर स्थित हैं तथा जहाँ हजारों की संख्या में लोग रहते हैं, सरकार द्वारा यमुना नदी एवं उक्त गाँवों के मध्य एक स्थायी बाँध/तटबंध (Embankment) के निर्माण हेतु कोई नीति, योजना अथवा प्रावधान वर्तमान में मौजूद है; (ख) यदि हाँ, तो उसका विस्तृत विवरण दें;

(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार भविष्य में इन गाँवों की बाढ़ से सुरक्षा, जन-जीवन की स्थिरता एवं समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए उक्त बाँध/तटबंध के निर्माण हेतु कोई ठोस एवं दीर्घकालिक योजना प्रस्तावित करने पर विचार कर रही है; और (घ) यदि हाँ,

तो उसकी समय-सीमा क्या निर्धारित की गई है?

----

### I&FC dept विकास कार्य -कस्तूरबा नगर

85 **Sh. Neeraj Basoya (Kasturba Nagar):**

**Irrigation & Flood Control** क्या माननीय सिंचाई एवं बाढ़ मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे की: (क) कस्तूरबा नगर विधानसभा क्षेत्र में विगत तीन वर्षों (2022—23, 2023—24 एवं 2024—25) के दौरान बाढ़ नियंत्रण एवं सिंचाई विभाग द्वारा कितने टेंडर जारी किए गए हैं; (ख) उक्त टेंडरों से संबंधित कार्यों का नाम, अनुमानित लागत, वर्तमान प्रगति स्थिति, भुगतान की स्थिति तथा पूर्णता की समय-सीमा क्या है; (ग) क्या इनमें से कोई कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण नहीं हुआ है; और (घ) यदि हाँ, तो इसके कारण क्या हैं तथा इन्हें पूर्ण करने की संशोधित समय-सारिणी क्या है?

----

### नांगलोई जाट विधानसभा के मीराबाग से हैदर पुर प्लांट तक सप्लीमेंट्री ड्रेन के विषय में

86 **श्री मनोज कुमार शौकीन (नांगलोई जाट):**

**सिंचाई एंव बाढ़ नियंत्रण** क्या सिंचाई एवं बाढ नियंत्रण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि; (क) क्या यह सत्य है कि नांगलोई जाट विधानसभा क्षेत्र में सप्लीमेंट्री ड्रेन के साथ मीराबाग से हैदरपुर तक प्रस्तावित सड़क निर्माण से पश्चिम एवं उत्तर-पश्चिम दिल्ली की यातायात व्यवस्था में व्यापक सुधार हो सकता है; (ख) क्या यह भी सत्य है कि उक्त सड़क निर्माण से नांगलोई जाट सहित लगभग 10 विधानसभा क्षेत्रों के लाखों नागरिकों को आवागमन, वैकल्पिक मार्ग तथा ट्रैफ़िक दबाव में कमी का सीधा लाभ मिलेगा; (ग) क्या सरकार ने इस मार्ग को शहर-स्तरीय वैकल्पिक ट्रैफ़िक कॉरिडोर के रूप में विकसित करने हेतु कोई फिज़िबिलिटी स्टडी / DPR / सर्वेक्षण कराया है अथवा कराने का प्रस्ताव है;(घ) यदि हाँ, तो उक्त योजना की वर्तमान स्थिति, अनुमानित लागत, क्रियान्वयन एजेंसी तथा समय-सीमा क्या निर्धारित की गई है;(ङ) यदि नहीं, तो क्या सरकार इस मार्ग की रणनीतिक उपयोगिता, ट्रैफ़िक भार में कमी, जलभराव नियंत्रण तथा भविष्य की शहरी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इसे प्राथमिकता की योजना के रूप में स्वीकृत करने पर विचार करेगी?

----

### मटियाला विधानसभा क्षेत्र में I&FC विभाग द्वारा सड़क निर्माण, गौशाला एवं नजफगढ़ नाले सटे मार्गों के संबंध में

87 **Sh. Sandeep Sehrawat (Matiala):**

**Irrigation & Flood Control** क्या माननीय सिंचाई एवं बाढ़ मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे की: (क) पिछले पाँच वर्षों में मटियाला विधानसभा क्षेत्र की ग्रामीण एवं अनधिकृत

कॉलोनियों में I&FC विभाग द्वारा कौन-कौन से कार्य कराए गए हैं, कार्यवार, क्षेत्रवार एवं व्यय राशि सहित विवरण उपलब्ध कराया जाए; (ख) मटियाला विधानसभा क्षेत्र में सोम बाजार रोड एवं C-ब्लॉक नन्हे पार्क में रोड/सड़क कब बनाई गई थी फोटो सहित रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए; (ग) मटियाला विधानसभा क्षेत्र के नजफगढ़ नाले से सटे जिन मार्गों पर सड़क निर्माण का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ है, वे सड़कें कहाँ-कहाँ तक बनाई जाएँगी तथा कार्य कब प्रारंभ एवं कब पूर्ण किया जाएगा; (घ) मटियाला विधानसभा क्षेत्र में गौशाला का निर्माण का कार्य कब प्रारंभ किया जाएगा; (ङ) क्या यह सत्य है कि मटियाला विधानसभा क्षेत्र के छावला धूलसिरा क्षेत्र में नजफगढ़ नाले से संबंधित सड़क कार्य स्वीकृत होने के बावजूद कार्य रोक दिया गया है; और (च) यदि हाँ, तो किस कारण और वो बजट अब कहाँ लगाया जा रहा है जानकारी दे?

----

## Drain

**88 Sh. Kailash Gangwal (Madipur):**

**Irrigation & Flood Control** क्या माननीय सिंचाई एवं बाढ़ मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कीः (क) क्या सरकार की नजफगढ़ ड्रेन को साफ करके पर्यटन के तौर पर विकसित करने की कोई योजना है;
(ख) क्या मादीपुर विधानसभा से गुजरने वाले नजफगढ़ ड्रेन को सीमेंट कंक्रीट से पक्का करने की सरकार की कोई योजना है; और
(ग) क्या साहिबी नदी (नजफगढ़ ड्रेन) को कवर करके इस पर सड़क का निर्माण करने की सरकार की कोई योजना है?

----

## सिंचाई व बाढ़ नियंत्रण

**89 Sh. Satish Upadhyay (Malviya Nagar):**

**Irrigation & Flood Control** क्या माननीय सिंचाई व बाढ़ नियंत्रण मंत्री बताने की कृपा करेंगे किः
क) मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र के विशेष संदर्भ सहित नए ड्रेनेज मास्टर प्लान 2025 के क्रियान्वयन की चरणबद्ध समयावधि की जानकारी उपलब्ध कराएं;
ख) मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में चिह्नित 'ड्रेनेज चोक बिंदुओं का विवरण दें', व 2026 के मानसून से पहले उनकी डीसिल्टिंग, सफाई व सुधार हेतु कार्ययोजना की समयबद्ध जानकारी दें; और
ग) वर्तमान में ड्रेनेज प्रबंधन एमसीडी, डीडीए, पीडब्ल्यूडी, दिल्लीजलबोर्ड आदि विभिन्न एजेंसियों द्वारा किया जाता है अतः नए ड्रेनेज मास्टर प्लान के अंतर्गत क्या वैधानिक अथवा संस्थागत रूपरेखा तैयार की जा रही है ताकि दिल्ली में और विशेषकर मालवीयनगर विधानसभा क्षेत्र में जलभराव के लिए किसी एक के उत्तरदायित्व को

सुनिश्चित किया जा सके ?

----

## बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के नालों की सफाई, पम्पिंग सेट स्थापना, दीवार मरम्मत और टेंडर दरों के संबंध में जानकारी का अनुरोध

90 **Mr. Sanjeev Jha (Burari):**

**Irrigation & Flood Control** क्या माननीय सिंचाई एवं बाढ़ मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे की: (क) क्या यह सत्य है कि वर्ष 2024 एवं 2025 में बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के CD-06 एवं CD-07 डिवीजन के अंतर्गत नालों की सफाई हेतु टेंडर जारी किए गए थे; (ख) उक्त टेंडरों के अंतर्गत अब तक कुल कितने प्रतिशत सफाई कार्य पूर्ण किए गए हैं? डिवीजनवार एवं नालेवार विवरण उपलब्ध कराया जाए; (ग) किन-किन नालों के लिए टेंडर आमंत्रित नहीं किए जा सके अथवा सफल नहीं हो पाए, तथा इसके पीछे क्या कारण हैं; (घ) नालों के ऊपर पम्पिंग सेट लगाने की योजना की वर्तमान स्थिति क्या है; (ड.) अब तक कुल कितने पम्पिंग सेट स्वीकृत, स्थापित एवं कार्यशील किए जा चुके हैं, स्थानवार विवरण दिया जाए; (च) क्या यह सत्य है कि पंप हाउस नाला (Transport Authority से West Kamal Vihar Pump House तक) स्थित टूटी हुई दीवार की मरम्मत/पुनर्निर्माण हेतु कोई प्रावधान स्वीकृत किया गया है; (छ) यदि हाँ, तो अब तक इस संबंध में क्या कार्यवाही की गई है; (ज) यदि उक्त दीवार की मरम्मत के संबंध में अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है, तो इसके क्या कारण हैं; (झ) क्या यह सत्य है कि वर्ष 2024 एवं 2025 में जारी नालों की सफाई तथा विभाग द्वारा बनाए गए छठ घाटों से संबंधित टेंडरों की दरों में अंतर पाया गया है; और (ट) यदि हाँ, तो कृपया वर्ष 2024 और वर्ष 2025 के टेंडर रेट का तुलनात्मक विवरण (कार्यवार/नालेवार) उपलब्ध कराया जाए?

----

## सिंचाई व बाढ़ नियंत्रण

91 **Sh. Prem Chauhan (Deoli):**

**Irrigation & Flood Control** क्या माननीय सिंचाई व बाढ़ नियंत्रण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि:

क) वर्ष 2025 में किस विशिष्ट प्राधिकारी अथवा अधिकारी ने वासुदेव घाट पर एक अतिरिक्त कृत्रिम घाट व कुंड बनाने के निर्देश दिए थे; कृपया एतद्संबंधी औपचारिक आदेश की प्रति अथवा इस निर्णय को रिकॉर्ड किए जाने वाली फाइल नोटिंग्स की प्रति प्रदान करें;

ख) वासुदेव घाट पर सिविल कार्यों के लिए जारी निविदाओं व उसके बाद ठेकेदारों को जारी किए गए कार्यादेशों की प्रति उपलब्ध कराएं;

ग) इसं कृत्रिम घाट के निर्माण की अनुमानित लागत व वास्तविक लागत क्या थी और क्या यह सत्य है कि वासुदेव घाट में लगातार जलआपूर्ति के लिए के समीपस्थ क्षेत्र की

पानी की पाइपलाइन को तोड़ा अथवा मोड़ा गया था;

घ) यदि हां, तो पाइपलाइन को तोड़ने का आदेश किस अधिकारी ने दिया था;

ङ) नगर में जलसंकट की स्थिति के दौरान पेयजल को एक कृत्रिम कुंड में डाले जाने के संबंध में यदि कोई तकनीकी औचित्य रिपोर्ट है तो उसकी प्रति उपलब्ध कराएं;

च) पाइपलाइन को तोड़ने के कारण इस पाइपलाइन से पानी प्राप्त करने वाली कॉलोनियों में जलदाब संबंधी क्या प्रभाव पड़ा;

छ) इस परियोजना के कारण पानी की कमी संबंधी कितनी जन शिकायतें प्राप्त हुईं;

ज) इस परियोजना के लिए दिल्ली जल बोर्ड की मूलभूत संरचना को इस अनाधिकृत अथवा गलत योजना के कारण होने वाले नुकसान के लिए किस अधिकारी को ज़िम्मेदार ठहराया गया और उन अधिकारियों एवं ठेकेदारों के विरूद्ध जो इस पाइपलाइन के नुक्सान के लिए उत्तरदायी है क्या अनुशासनात्मक कार्यवाई की गई, यदि नहीं तो, क्यों;

ण) घाट और कुंड के निर्माण, इसमें पानी भरने व इसके रख-रखाव तोड़ी गई पाइपलाइन की मरम्मत पर होने वाले कुल खर्च का अलग-अलग विवरण प्रदान करे ?

----

## सिंचाई व बाढ़ नियंत्रण

**92 Ms. Atishi (Kalkaji):**

**Irrigation & Flood Control:-**

क्या माननीय सिंचाई व बाढ़ नियंत्रण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि:

क) एक जनवरी 2024 से 28 दिसंबर 2025 तक की अवधि में सिंचाई व बाढ़ नियंत्रण विभाग द्वारा कालकाजी व ग्रेटर कैलाश विधानसभा क्षेत्र में किए गए सभी विकास कार्यों की विस्तृत सूची प्रदान करें;

ख) प्रत्येक कार्य/परियोजना के संबंध में धनराशि के स्त्रोत की जानकारी दें, (जैसे एमएलए लैड फंड, दिल्ली ग्रामीण विकास बोर्ड, मुख्यमंत्री सड़क पुनर्निर्माण योजना अथवा एससी/एसटी कल्याण निधि);

ग) प्रत्येक योजना हेतु प्रशासनिक स्वीकृति की तिथि और समापन की वास्तविक अथवा अनुमानित तिथि; तथा प्रत्येक कार्य की वर्तमान स्थिति (जैसे काम आरंभ नहीं हुआ, हो रहा है अथवा पूरा हो गया) भी बताएं तथा कुल स्वीकृत राशि और ठेकेदारों को जारी की गई राशि का तिथिवार विवरण दें ; और

घ) जो परियोजनाएं तय समय पर पूरा नहीं हो सकीं उनके लिए दोषी ठेकेदारों के विरुद्ध की गई कार्रवाई तथा उनके समापन की संशोधित तिथि की जानकारी?

----

## ग्रेटर कैलक्टिश विधानसभा क्षेत्र (A.C.-50) में चिराग दिल्ली मेन ड्रेन पर फुट ओवर ब्रिज (FOB) का निर्माण

**93 Sh. Imran Hussain (Ballimaran):**

**Irrigation & Flood Control** क्या माननीय सिंचाई एवं बाढ़ मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे की: (क) ग्रेटर कैलाश विधानसभा क्षेत्र (AC-50) में चिराग दिल्ली मेन ड्रेन पर फुट ओवर ब्रिज (FOB) निर्माण परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है; (ख) क्या यह सत्य है कि इस विशेष FOB के "Balance Work" के लिए हाल ही में नया टेंडर निकाला गया है; (ग) इस परियोजना की कुल अनुमानित लागत क्या है, और कार्य रोकने से पहले पिछले ठेकेदारो को कितनी राशि भुगतान की जा चुकी है; (घ) परियोजना के पूरा न होने के विशिष्ट कारण क्या थे, जिनके कारण "Balance Work" के लिए नया टेंडर आवश्यक हुआ; और (ङ) इस परियोजना से संबंधित फाइल नोटिंग्स की प्रति विशेष रूप से उन नोटिंग्स की, जिनमें अधूरा कार्य छोड़ने के कारण और नए टेंडर के लिए प्रशासनिक अनुमोदन शामिल हैं, प्रदान की जाएं?

----

## DVDB परियोजना अंतर्गत किरारी गाँव मे स्वीकृत अंबेडकर भवन चौपाल के निर्माण मे देरी, शीघ्र प्रारंभ करने के संबंध मे

94 **Mr. Anil Jha (Kirari):**

**Development** क्या माननीय विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे की: (क) क्या सरकार को यह जानकारी है कि DVDB परियोजना के अंतर्गत किरारी गाँव में अंबेडकर भवन (चौपाल) का निर्माण दिनांक 28.08.2023 को स्वीकृत किया गया था, जिसकी अनुमानित लागत ₹579.63 लाख है; (ख) यदि हाँ, तो इसका पूर्ण विवरण क्या है; (ग) क्या यह सत्य है कि उक्त परियोजना के क्रियान्वयन हेतु DVDB द्वारा I&FC विभाग को विधिवत सिफारिश भेज दी गई थी; (घ) यदि हाँ, तो सिफारिश भेजने की तिथि क्या है; (ड़) यदि परियोजना स्वीकृत होने एवं संबंधित विभाग को सिफारिश भेजे जाने के बावजूद अब तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, तो इसके लिए कौन-कौन से कारण उत्तरदायी हैं; (च) सरकार द्वारा अंबेडकर भवन (चौपाल) के निर्माण कार्य को प्रारंभ करने की निर्धारित समय-सीमा क्या है तथा इसे कब तक पूर्ण किया जाएगा; और
(छ) इस परियोजना के विलंब के लिए कौन-सा विभाग एवं कौन अधिकारी जिम्मेदार हैं, तथा अनावश्यक देरी के लिए उनके विरुद्ध क्या जवाबदेही/कार्रवाई प्रस्तावित है?

----

## Urban Development

95 **Sh. Kailash Gangwal (Madipur):**

**Development** क्या माननीय विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे की: (क) क्‍या यह सत्‍य है कि दिल्ली में आवारा (गायों) की वजह से सड़कों पर प्रतिदिन कोई न कोई दुर्घटना आम बात हो गई है; (ख) यदि हां तो सरकार द्वारा इस समस्‍या के समाधान हेतु क्‍या कदम उठाए गये हैं; (ग) दिल्‍ली में अवैध डेयरियों की समस्‍या से निबटने हेतु सरकार द्वारा क्‍या कदम उठाए गए हैं; (घ) अवैध डेयरियों से सप्‍लाई होने वाले अस्‍वच्‍छ/अस्‍वास्‍थ्‍यकर दूध के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु सरकार द्वारा क्‍या

कदम उठाए गए हैं; और (ड) डेयरी वाले दूध नहीं जहर बेच रहे हैं, आवारा गायें सड़कों पर कूड़ा खा रही हैं, गंदगी खाने की वजह से इन्फेक्शन हो रहा है, जिससे लोगों को कैंसर और किडनी खराब हो रही है, सरकार लोगों को इसके प्रति किस प्रकार जागरूक करेगी?

----

## संगम विहार विधानसभा हेतु ग्रामीण विकास बोर्ड द्वारा प्रस्तावित ₹1.54 करोड़ की राशि के कार्यों में टेंडर प्रक्रिया में देरी के संबंध में।

96 **Sh. Chandan Kumar Choudhary (Sangam Vihar):**

**Development** क्या माननीय विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे की:
(क) क्या यह सत्य है कि ग्रामीण विकास बोर्ड के माननीय अध्यक्ष द्वारा संगम विहार विधानसभा के लिए विकास कार्यों हेतु ₹1.54 करोड़ की राशि प्रस्तावित/स्वीकृत की गई है;
(ख) यदि हाँ, तो उक्त राशि से संबंधित कार्यों की टेंडर प्रक्रिया अब तक पूर्ण न होने के क्या कारण हैं; (ग) टेंडर प्रक्रिया पूर्ण न होने से प्रस्तावित विकास कार्यों में हो रही देरी से सरकार अवगत है; और
(घ) संबंधित कार्यों की टेंडर प्रक्रिया कब तक पूर्ण किए जाने की संभावना है तथा कार्य कब प्रारंभ किए जाएंगे?

----

## विकास

97 **Mr. Raj Kumar Bhatia (Adarsh Nagar):**

**Development:-**
क्या माननीय विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि:
क) आज़ादपुर मंडी में मार्केटिंग कमेटियों तथा विभिन्न विकास कार्यो में व्यापारियों को सम्मिलित करने की तत्काल आवश्यकता है, इस संबंध में क्या कदम उठाए जा रहे हैं; और
ख) आज़ादपुर मंडी के परिचालन में आधुनिकीकरण और पारदर्शिता की आवश्यकता को देखते हुए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

----

## 2025 में DVDB द्वारा स्वीकृत नए विकास प्रोजेक्ट्स – विवरण, स्थिति और धन उपयोग

98 **Sh. Imran Hussain (Ballimaran):**

**Development** क्या माननीय विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे की: (क) 8 फरवरी 2025 से 28 दिसंबर 2025 तक दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड (DVDB) द्वारा कितने नए प्रोजेक्ट्स स्वीकृत किए गए हैं; (ख) इन प्रोजेक्ट्स की सूची प्रस्तुत करें, जिसमें प्रोजेक्ट

का नाम और प्रकार, विधानसभा क्षेत्र और गाँव/वार्ड, स्वीकृत धनराशि, और वर्तमान स्थिति (पूर्ण, प्रगति में, या अब तक शुरू नहीं हुई और देरी के कारण) शामिल हों; (ग) स्वीकृत कुल प्रोजेक्ट्स में कितने स्थानीय विधायकों द्वारा प्रस्तावित थे और कितने सीधे विभाग/बोर्ड द्वारा शुरू किए गए; (घ) 2025-26 वित्त वर्ष में ₹900 करोड़ (या वर्तमान आवंटित राशि) में से कुल कितना बजट उपयोग किया गया; और (ङ) क्या सभी गाँवों में समान विकास सुनिश्चित करने के लिए कोई "प्राथमिकता सूची" या अन्य मानदंड अपनाया जा रहा है?

----

## बच्चों-किशोरों द्वारा हो रहे अपराधों के संदर्भ में।

99 **Sh. Ajay Kumar Mahawar (Ghonda):**

**Law & Justice** क्या माननीय विधि एवं न्याय मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कीः (क) दिल्ली में कम आयु के बच्चों-किशोरों द्वारा बार-बार किए जा रहे संगीन अपराधों की रोकथाम हेतु वर्तमान में कौन-कौन सी योजनाएँ एवं नीतिगत उपाय लागू हैं; (ख) क्या भविष्य में ऐसे मामलों में कानून को और अधिक कठोर बनाए जाने अथवा दंडात्मक एवं सुधारात्मक प्रावधानों को सुदृढ़ करने पर सरकार द्वारा कोई विचार किया जा रहा है; (ग) यदि हाँ, तो उसका विवरण क्या है;

(घ) क्या यह सत्य है कि दिल्ली में कुछ मामलों में कम आयु के बच्चों-किशोरों का उपयोग संगठित अपराधों को अंजाम देने हेतु किया जा रहा है; (ङ) यदि हाँ, तो ऐसे संगठित अपराधों की रोकथाम हेतु अब तक क्या-क्या ठोस कदम उठाए गए हैं; और (च) यदि कोई किशोर बार-बार संगीन अपराधों में संलिप्त पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध अधिक सख्त एवं प्रभावी कानून बनाने अथवा मौजूदा कानूनों में संशोधन हेतु सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की जा रही है?

----

## court room shortage vacant judges

100 **Sh. Sanjay Goyal (Shahdara):**

**Law & Justice** क्या माननीय विधि एवं न्याय मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कीः
(क) वर्तमान में दिल्ली की जिला अदालतों (कड़कड़डूमा, साकेत, रोहिणी, द्वारका, पटियाला हाउस आदि) एवं दिल्ली उच्च न्यायालय में कुल कितने कोर्ट रूम उपलब्ध हैं तथा पिछले 10 वर्षों में कोर्टवार एवं वर्षवार इनकी संख्या में क्या परिवर्तन हुआ है;
(ख) दिल्ली की जिला अदालतों एवं उच्च न्यायालय में वर्तमान में कुल कितने न्यायाधीश कार्यरत हैं, कितने पद रिक्त हैं तथा पिछले 10 वर्षों में कोर्टवार एवं वर्षवार रिक्तियों का विवरण क्या है;
ग) इन रिक्त पदों को भरने हेतु सरकार द्वारा अब तक क्या ठोस कार्रवाई की गई है;
(घ) दिल्ली की जिला अदालतों एवं उच्च न्यायालय में वर्तमान में कुल कितने मामले

लंबित हैं, जिनमें दंडात्मक (Criminal), दीवानी (Civil), परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 की धारा 138 (चेक बाउंस) के अंतर्गत मामले शामिल हों साथ ही पिछले 10 वर्षों में वर्षवार लंबित मामलों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया जाए;

(ङ.) धारा 138 (Negotiable Instruments Act) के मामलों के निपटारे हेतु निर्धारित समय-सीमा क्या है तथा पिछले 5 वर्षों में कितने मामलों का निपटारा समय-सीमा के भीतर किया गया है और कितने मामले अभी भी लंबित हैं; और

(च) लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे हेतु सरकार द्वारा अब तक क्या-क्या कदम उठाए गए हैं, जिनमें फास्ट ट्रैक कोर्ट/विशेष अदालतों की स्थापना, न्यायिक प्रक्रिया में तकनीकी सुधार, न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने एवं अतिरिक्त कोर्ट रूम स्थापित करने हेतु केंद्र सरकार या उच्च न्यायपालिका से किया गया पत्राचार/अनुरोध का विवरण सम्मिलित है?

----

## संपत्ति रजिस्ट्रेशन स्टैम्प ड्यूटी रिफंड से सम्बंधित

101 **Sh. Jarnail Singh (Tilak Nagar):**

**Revenue** क्या माननीय मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगी कि: (क) पिछले पाँच वर्षों में दिल्ली के विभिन्न सब-रजिस्ट्रार कार्यालयों में संपत्ति रजिस्ट्रेशन से संबंधित आवेदकों द्वारा कुल कितनी अपॉइंटमेंट रद्द की गई, इसका सब-रजिस्ट्रार कार्यालयवार विस्तृत विवरण दिया जाए; (ख) यह भी बताया जाए कि सब-रजिस्ट्रार कार्यालयों में संपत्ति रजिस्ट्रेशन रद्द होने की स्थिति में आवेदकों द्वारा जमा की गई स्टैम्प ड्यूटी की राशि को वापस करने के क्या प्रावधान हैं; (ग) पिछले पाँच वर्षों में स्टैम्प ड्यूटी रिफंड के लिए विभाग को कुल कितने आवेदन प्राप्त हुए तथा क्या इन सभी मामलों में विभाग द्वारा निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदकों को रिफंड प्रदान किया गया, इसका वर्षवार विस्तृत विवरण दिया जाए; (घ) क्या यह सत्य है कि अनेक मामलों में स्टैम्प ड्यूटी की राशि महीनों अथवा वर्षों बीत जाने के बावजूद भी आवेदकों को वापस नहीं की गई है; (ड़) यदि हाँ, तो ऐसे कुल कितने मामले वर्तमान में लंबित हैं, उनमें कुल कितनी राशि लंबित है तथा रिफंड न हो पाने के क्या कारण रहे, इसका विस्तृत विवरण दिया जाए; और (च) स्टैम्प ड्यूटी रिफंड में विलंब होने की स्थिति में कौन-कौन से अधिकारी उत्तरदायी होते हैं तथा पिछले पाँच वर्षों में क्या विभाग द्वारा ऐसे अधिकारियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कोई कार्यवाही की गई है, इसका विस्तृत विवरण दिया जाए?

----

## मटियाला विधानसभा क्षेत्र में संपत्ति रजिस्ट्री, अवैध कब्जे एवं अनधिकृत कॉलोनियों के संबंध में

102 **Sh. Sandeep Sehrawat (Matiala):**

**Revenue** क्या माननीय मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि—(क) मटियाला विधानसभा क्षेत्र में संपत्ति पंजीकरण (Registry) हेतू संबंधित कार्यालय का नाम एवं

क्षेत्राधिकार स्पष्ट किया जाए;(ख) मटियाला विधानसभा क्षेत्र के किन-किन क्षेत्रों/ कॉलोनियों की रजिस्ट्री वर्तमान में बंद या प्रतिबंधित है; क्षेत्रवार सूची उपलब्ध कराई जाए;(ग) यदि किसी नागरिक की संपत्ति किसी कारणवश रजिस्ट्री योग्य नहीं पाई जाती है, तो उसके समाधान हेतु क्या प्रक्रिया अपनाई जाती है;(घ) जनवरी 2025 से अब तक मटियाला क्षेत्र के जनकपुरी और कपासहेड़ा रजिस्ट्रार एवं सब-रजिस्ट्रार कार्यालयों में कुल कितनी रजिस्ट्रियाँ की गई हैं, राजस्व प्राप्ति (Registry Fee/Stamp Duty) का विवरण उपलब्ध कराया जाए तथा अब तक कितनी रजिस्ट्रियों को रोक (Hold/Reject) दिया गया है तथा कितनी अभी भी लंबित हैं; कारणों सहित जानकारी दी जाए;(ड) पिछले एक वर्ष में मटियाला विधानसभा क्षेत्र में कितनी सरकारी/निजी संपत्तियों की रजिस्ट्रियाँ रद्द की गई हैं; सूची उपलब्ध कराई जाए; (च) क्या यह सत्य है कि मटियाला विधानसभा क्षेत्र में कई Awarded / अधिग्रहित (Acquired) संपत्तियों की रजिस्ट्री हुई; (छ) यदि हाँ, तो पूर्ण विवरण दें; (ज) मटियाला विधानसभा क्षेत्र में D-Lit लैंड से संबंधित संपत्तियों की संख्या कितनी है, उनकी वर्तमान स्थिति एवं कार्रवाई का विवरण उपलब्ध कराया जाए;(झ) क्या यह सत्य है कि मटियाला विधानसभा क्षेत्र में अनधिकृत कॉलोनियों में अवैध प्लॉटिंग की जा रही है; (ट) यदि हाँ, तो इस संबंध में DM/SDM कार्यालय द्वारा अब तक कितने RO नोटिस जारी किए गए हैं, कार्रवाईवार विवरण उपलब्ध कराया जाए; और(ठ) मटियाला विधानसभा क्षेत्र में स्थित DDA, ग्राम सभा अथवा अन्य विभागों की भूमि पर अवैध कब्जों की वर्तमान स्थिति क्या है, विभागवार एवं स्थानवार विवरण उपलब्ध कराया जाए?

----

## मंगल बाजार रोड, रतिया मार्ग एवं शूटिंग रेंज से 16 नंबर रोड के डिमार्केशन (सीमांकमन) के संबंध में।

**103 Sh. Chandan Kumar Choudhary (Sangam Vihar):**

**Revenue** क्या माननीय मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगी कि:
(क) संगम विहार विधानसभा के अंतर्गत मंगल बाजार रोड, रतिया मार्ग तथा शूटिंग रेंज से 16 नंबर रोड का राजस्व अभिलेखों के अनुसार डिमार्केशन/सीमांकन किया गया है या नहीं;
(ख) यदि हाँ, तो उक्त मार्गों का खसरा संख्या सहित विस्तृत विवरण क्या है;
(ग) यदि नहीं, तो अब तक डिमार्केशन न होने के क्या कारण हैं; और
(घ) क्या सरकार संबंधित क्षेत्रों में शीघ्र डिमार्केशन कराने का प्रस्ताव रखती है? यदि हाँ, तो उसकी समय-सीमा क्या है?

----

## राजस्व

**104 Sh. Satish Upadhyay (Malviya Nagar):**

**Revenue:-**

क्या माननीय राजस्व मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि:

क) पूर्ववर्ती 11 ज़िलों के स्थान पर 13 नए राजस्व ज़िलों के निर्माण के मानदंड अथवा औचित्य (rationale) क्या था;

ख) क्या नए बनाए गए राजस्व ज़िलों को नागरिक एजेंसियों जैसे एमसीडी, पुलिस, पीडब्ल्यूडी व दिल्ली जलबोर्ड के साथ संबद्ध (align) कर दिया गया है;

ग) सरकार द्वारा की गई घोषणा के अनुसार प्रत्येक ज़िले में एक लघु-सचिवालय स्थापित किए जाने के संबंध में वर्तमान स्थिति क्या है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि नागरिकों को विभिन्न कार्यालयों के लिए अलग-अलग स्थानों पर न भटकना पड़े;

घ) बहुमंज़िला भवनों में आपदा तैयारी तथा सुरक्षा प्रणाली जैसे अस्पताल व स्कूल हेतु क्या हाल में कोई ऑडिट या पुनरीक्षण किया गया है, यदि हां, तो उसका विवरण दें; और

ङ) क्या मानसून के दौरान बाढ़ के कारण बार-बार कठिनाइयों का सामना करने वाले, मालवीय नगर के असुरक्षित इलाकों सहित दिल्ली के निचले इलाकों में रहने वाले नागरिकों के लिए बाढ़रोधी स्थाई मूलभूत संरचनाओं को तैयार करने हेतु कोई प्रस्ताव विचाराधीन है?

----

## बुराड़ी क्षेत्र में दिल्ली भूमि सुधार अधिनियम, धारा 81 के तहत नोटिस, वेस्टिंग ऑर्डर एवं कब्ज़ा संबंधी जानकारी का अनुरोध

**105 Mr. Sanjeev Jha (Burari):**

**Revenue** मंत्री महोदय/महोदया से निवेदन है कि कृपया निम्नलिखित बिंदुओं पर सदन को अवगत कराने की कृपा करें—(क) क्या सरकार के पास यह विवरण उपलब्ध है कि पिछले 20 वर्षों में बुराड़ी क्षेत्र में दिल्ली भूमि सुधार अधिनियम की धारा 81 के अंतर्गत कितनी भूमि पर नोटिस जारी किए गए, उन नोटिसों का विवरण उपलब्ध करवाया जाए; (ख) यदि हाँ, तो कृपया वर्ष-वार, गाँव/मौजा-वार, क्षेत्रफल सहित तथा प्रत्येक भूमि का खसरा नंबर विवरण दें;(ग) उपर्युक्त नोटिसों में से कितने मामलों में वेस्टिंग ऑर्डर पारित किए गए, उनके वर्ष-वार, खसरा नंबर एवं भूमि के क्षेत्रफल सहित विवरण दिया जाए; (घ) कितने मामलों में वेस्टिंग ऑर्डर पारित होने के पश्चात सरकार द्वारा वास्तविक कब्ज़ा (Possession) लिया गया है, कृपया खसरा नंबर, क्षेत्रफल एवं कब्ज़ा लिए जाने की तिथि सहित विवरण दिया जाए;(ड) क्या ऐसे मामले भी हैं जिनमें वेस्टिंग ऑर्डर पारित होने के बावजूद अब तक कब्ज़ा नहीं लिया गया है; (च) यदि हाँ, तो प्रत्येक ऐसे मामले में खसरा नंबर सहित कारण बताए जाएँ;(छ) क्या धारा 81 के अंतर्गत जारी नोटिसों अथवा वेस्टिंग ऑर्डरों के विरुद्ध न्यायालयों में वाद/अपील/स्थगन आदेश लंबित हैं; (ज) यदि हाँ, तो खसरा नंबर एवं मामलों की वर्तमान स्थिति का विवरण दिया जाए; (झ) क्या सरकार द्वारा बुराड़ी क्षेत्र में धारा 81 के अंतर्गत की गई कार्रवाइयों की समीक्षा या जाँच कराई गई है अथवा कराए जाने का प्रस्ताव है, ताकि पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके ; (ण) यदि हाँ, तो उसका विवरण दिया जाए।

----

## दिल्ली की 190 विस्थापित कॉलोनियों में संपत्तियों की रजिस्ट्री पर लगी रोक और निवासियों को हो रही समस्याओं के समाधान के संबंध में।

**106 Dr. Anil Goyal (Krishna Nagar):**

**Revenue** क्या माननीय मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगी कि: (क) क्या यह सत्य है कि गीता कॉलोनी, झील, आजाद नगर सहित दिल्ली की लगभग 190 विस्थापित कॉलोनियों में संपत्तियों की रजिस्ट्री की प्रक्रिया वर्तमान में बंद है; (ख) यदि हाँ, तो इसका तकनीकी और कानूनी कारण क्या है; (ग) क्या सरकार को ज्ञात है कि इन कॉलोनियों में पारिवारिक विभाजन के कारण 50 वर्ग गज या 25 वर्ग गज के छोटे भूखंडों का पंजीकरण न होने से लगभग 60 लाख लोग प्रभावित हो रहे हैं; (घ) क्या सरकार के पास इन संपत्तियों को 'फ्रीहोल्ड' करने या इनके पंजीकरण पर लगी रोक को हटाने की कोई समयबद्ध योजना है; (ड.) क्या यह सत्य है कि रजिस्ट्री न होने के कारण क्षेत्र में रह रहे नागरिको को बहुत-सी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है; (च) इस समस्या का समाधान अगले कितने दिनों या महीनों के भीतर कर दिया जाएगा; और (छ) क्या सरकार उन कानूनी उत्तराधिकारियों को राहत देने के लिए कोई विशेष प्रावधान करेगी जो अपनी संपत्ति न बेच पाने या बैंक ऋण न मिल पाने के कारण आर्थिक और मानसिक संकट (जैसे बच्चों की शादी या मकान के निर्माण कार्य में बाधा) का सामना कर रहे हैं?

----

### sdm related and other

**107 Sh. Sanjay Goyal (Shahdara):**

**Revenue** विधायक संजय गोयल (शाहदरा विधानसभा, AC-62)
माननीय राजस्व मंत्री महोदय से यह जानना चाहते हैं कि—
क) शाहदरा विधानसभा क्षेत्र में पिछले 5 वर्षों में योजना-वार एवं वर्ष-वार कितने प्रकार के प्रमाण पत्र (जैसे SC, ST, OBC, आय प्रमाण पत्र आदि) जारी किए गए हैं तथा इसी अवधि में कुल कितनी रजिस्ट्रियाँ हुई हैं और उनसे सरकार को वर्ष-वार कितना राजस्व प्राप्त हुआ है;
ख) क्या बड़े औद्योगिक प्लॉटों को बिना सक्षम प्राधिकरण की अनुमति छोटे-छोटे प्लॉटों में काटकर विक्रय किए जाने की स्थिति में उप-पंजीयक (Sub-Registrar) को उनकी रजिस्ट्री करने का अधिकार है; ग) यदि हाँ, तो किन नियमों/प्रावधानों के अंतर्गत तथा पिछले 5 वर्षों में शाहदरा विधानसभा क्षेत्र में ऐसे मामलों से संबंधित कितनी रजिस्ट्रियाँ हुई हैं वर्ष-वार एवं क्षेत्र-वार विवरण दिया जाए;
घ) दिल्ली-यूपी बॉर्डर (शाहदरा क्षेत्र) पर संचालित तीन शराब की दुकानें किस भूमि पर स्थित हैं उनके भूमि-स्वामित्व से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराए जाएं;
ड.) पिछले 8 वर्षों में शाहदरा विधानसभा क्षेत्र में SDM द्वारा कितने भवन सील किए गए◌ा भवन संख्या एवं पते सहित विवरण दिया जाए;
च) क्या सील किए गए भवनों को डी-सील करने का कोई प्रावधान है? यदि हाँ, तो पिछले

8 वर्षों में कितने भवन डी-सील किए गए, किन मानकों/शर्तों पर किए गए तथा उनके भवन संख्या व पते सहित विवरण उपलब्ध कराए जाएँ;

छ) पिछले 10 वर्षों में शाहदरा विधानसभा क्षेत्र में SDM द्वारा कितने सबमर्सिबल पंप सील किए गए तथा कितनों को डी-सील किया गयाा पते सहित विवरण दिया जाए; ज) क्या सबमर्सिबल पंप को डी-सील करने की कोई कानूनी प्रक्रिया है; झ) यदि हाँ, तो पूर्ण विवरण दें;

ट) क्या शराब की दुकान खोलने से पूर्व SDM द्वारा निरीक्षण/जांच की जाती है; ठ) यदि हाँ, तो किन-किन मानकों पर, किन-किन विभागों (MCD, Police, Excise, Fire, PWD आदि) से, कौन-कौन से अनुमति पत्रों की जांच/प्राप्ति की जाती है;

ड) शाहदरा विधानसभा क्षेत्र में अवैध निर्माणों, मंदिरों एवं अस्पतालों के समीप संचालित शराब की दुकानें क्या SDM की जांच के दायरे में आती हैं; ढ़) यदि हाँ, तो ऐसी दुकानों को किन आधारों पर अनुमति प्रदान की गई है; और

ण) वर्तमान में शाहदरा विधानसभा क्षेत्र में संचालित कुल शराब की दुकानों की संख्या कितनी है तथा उनके लिए प्राप्त सभी अनुमति पत्रों (MCD, Labour, DJB, Power, PWD, Revenue आदि) की प्रतियां उपलब्ध कराई जाएँ?

----

## राजस्व

**108 Sh. Kuldeep Kumar (Kondli):**

**Revenue** क्या माननीय राजस्व मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि:

क) 1 जनवरी, 2024 से 28 दिसंबर 2025 तक आग लगने, वर्षा के कारण मकान गिरने या नदी, नालों, झीलों व तालाबों में डूबने, करंट लगने अथवा अन्य किसी प्राकृतिक या मानवीकृत दुर्घटना में कितने लोगों की मृत्यु हुई, सबकी विस्तृत सूची प्रदान करें;

ख) प्रत्येक व्यक्ति का नाम, आयु, स्थाई पता, दुर्घटना की तिथि, समय व सटीक स्थान, रिकॉर्ड अथवा पोस्टमार्टम के अनुसार मृत्यु का कारण, मांगी गई सहायता/ क्षतिपूर्ति राशि, व स्वीकृत/लंबित अथवा अस्वीकृत राशि का विवरण भी दें;

ग) उन व्यक्तियों की एक अलग समेकित सूची भी प्रदान करें जिन्हें दिल्ली सरकार से 1 जनवरी 2024 से 28 दिसंबर 2025 की अवधि में अनुग्रह राशि प्राप्त हुई है, प्रत्येक व्यक्ति/ परिवार को दी गई विशिष्ट राशि की जानकारी भी दें;

घ) जिन मामलों में ऐसे दावों को अस्वीकार किया गया अथवा जो दावे अभी लंबित हैं, उनको अस्वीकार किए जाने अथवा विलंब होने के क्या कारण हैं;

ङ) दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) अथवा अन्य संबंधित योजनाओं के अंतर्गत इस प्रकार की दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु के लिए अनुग्रहराशि-पात्रता संबंधी सरकारी दिशा निर्देश क्या हैं;

च) क्या इन दिशानिर्देशों में संशोधन पर विचार किया जा रहा है ताकि सहायता राशि का त्वरित वितरण सुनिश्चित किया जा सके; और

छ) 1 जनवरी, 2024 से 28 दिसंबर 2025 तक दिल्ली आपदा प्रतिक्रिया कोष व अन्य संबंधित निधियों से कुल कितनी अनुग्रह राशि का भुगतान किया गया है?

----

## राजस्व विभाग द्वारा दिल्ली नगर निगम द्वारा बुक्ड सम्पति की रजिस्ट्री करवाने की प्रक्रिया बताई जाये

**109 Mr. Ashok Goel (Model Town):**

**Revenue** क्या माननीय मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगी कि:

(क) राजस्व विभाग द्वारा दिल्ली नगर निगम द्वारा बुक्ड सम्पति की रजिस्ट्री करवाने की प्रक्रिया बताई जाये;

(ख) उत्तर पश्चिम जिला द्वारा पिछले 5 वर्षो में किन बुक्ड सम्पति की रजिस्ट्री की गयी उनकी सूचि उपलब्ध कराई जाएँ;

(ग) बुक्ड सम्पति की जानकारी देने वाले पोर्टल के संचालन की जिम्मेदारी किस विभाग की हैं जानकारी उपलब्ध कराई जाएँ;

(घ) बुक्ड सम्पति पर बैंक से लोन लेने के लिए राजस्व विभाग की अनुमति की आवश्यकता हैं या नहीं , जानकारी उपलब्ध कराई जाएँ;

(ड) 200 वर्ग मीटर के प्लाट पर निर्माण किये गए कितने फ्लैटों की रजिस्ट्री करवाने का प्रावधान हैं;

(च) किसी भी सम्पति की रजिस्ट्री को निरस्त करने की प्रक्रिया बताई जाएँ;

(छ) 5 वर्षो में सब-रजिस्ट्रार कार्यालय में कितने कर्मचारियों के खिलाफ नियमो का पालन न करने के लिए कार्यवाई की गयी हैं, इन कर्मचारियों की सूची उपलब्ध कराई जाएँ तथा की गयी कार्यवाई की जानकारी उपलब्ध कराई जाएँ;

(ज) मॉडल टाउन नगर विधानसभा में स्थित डी-लिट् लैंड की जानकारी उपलब्ध कराई जाएँ; और

(झ) क्या डी-लिट् लैंड पर निर्माण किये गए व्यावसायिक तथा रिहायशी भवनों की रजिस्ट्री हो सकती हैं, जानकारी उपलब्ध कराई जाएँ?

----

## लोक निर्माण

**110 Ms. Atishi (Kalkaji):**

**Public Works Department:-**

क्या माननीय लोक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) फरवरी 2025 से अब तक रा.रा.क्षे.दिल्ली में कितनी सड़कों की रीलेइंग/ रीसरफेसिंग/रीकारपेटिंग प्रस्तावित है, इनमें से प्रत्येक सड़क के लिए अनुमानित लागत क्या है;

ख) इनमें से प्रत्येक सड़क की स्थिति, जैसे एस्टीमेशन, सिद्धांततः स्वीकृति प्राप्त, बजट स्वीकृत, निविदा मंगाई गई, निविदा आवंटित, की विस्तृत जानकारी दें;

ग)	नेहरू प्लेस व चिराग दिल्ली के बीच मोदीमिल से सावित्री फ्लाइओवर तक की सड़क पर कार्य के लिए निविदा कब जारी की गई थी;

घ )	इन परियोजनाओं के लिए कितने बजट का आवंटन किया गया था और कार्य कब पूरा हुआ था; और

ङ)	इन सड़कों के रख-रखाव के लिए कौन-सा अधिकारी उत्तरदायी है?

----